


आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

हनुमान जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

वर्ष : 26 | अंक : 121 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 23 अप्रैल, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8


## कांग्रेस ने हमेशा हिन्दु-मुस्लिमों को बांटकर सरकार बनाई : राजनाथ सिंह

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह कांग्रेस ने बड़ा हामला बोलते हुए कहा है कि कांग्रेस ने हमेशा हिन्दु और मुसलमानों को बांटकर केन्द्र में अपनी सरकारें बनाई हैं। कांग्रेस अब भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हिन्दु और मुसलमानों को बांटने का जो आरोप लगा रही है वह पूरी तरह गलत है। केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज दादरी पहुंचकर गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डा. महेश शर्मा के समर्थन में वोट मांगे। राजनाथ सिंह ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि देश को विकास के शिखर पर पहुंचाने के लिए तीसरी बार देश के यशस्वी नेता नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है।

दादरी के बिसाहड़ा में स्थित राणा संग्राम इंटर कॉलेज ग्राउंड एनटीपीसी दादरी रोड पर आज गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा के समर्थन में जनसभा का आयोजन किया गया। इस जनसभा में केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जनसभा में मौजूद अपार भीड़ को संबोधित किया। रक्षामंत्री ने अपना संबोधन भारत माता की जय के उदघोष से शुरू किया। जनसभा में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि जनता ने बेहद गर्मजोशी के साथ मेरा स्वागत किया है। इसका मैं आभारी हूं। उन्होंने कहा कि एक समय था कि पूर्व में नोएडा राजनेताओं और अधिकारियों के लिए भ्रष्टाचार का एक बड़ा सेंटर था, लेकिन केन्द्र और प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने आज इस क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है। आज नोएडा करप्शन का सेंटर नहीं बल्कि भारत के डवपलमेंट का सेंटर बन गया है। (शेष पृष्ठ-3 पर)





### डा. महेश शर्मा को 5 लाख वोटों से जिताएं

"अपने संबोधन के दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा ने क्षेत्र में काफी विकास करवाया है और अपने क्षेत्र का विकास करने के लिए वह मंत्रियों को बहुत परेशान करते हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि अगर देश का अगला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बनाना है तो इस क्षेत्र से डा. महेश शर्मा को 5 लाख से अधिक वोटों से जिताकर संसद में भेजें।

### ● दादरी के बिसाहड़ा में भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा के समर्थन में जनसभा

## क्राइम फाईल

### कार हटाने को लेकर झगड़ा लोहे के पंच व चाकू से हमला

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बीटा-2 क्षेत्र के सेक्टर अल्फा-1 स्थिति कमर्शियल बेल्ट की पार्किंग में खड़ी कार को हटाने को लेकर दो गुटों में मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान आरोपियों ने लोहे के पंच व चाकू से हमला कर उन्हें लहूलुहान कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।



ग्राम हल्द्वानी निवासी राहुल शर्मा ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि उसका सेक्टर अल्फा-1 की कमर्शियल बेल्ट में स्थित पार्श्वनाथ प्लाजा में ऑफिस है। 19 अप्रैल की रात्रि को वह अपने दोस्त आशीष भाटी के साथ ऑफिस से घर जाने के लिए निकला। वह अपनी कार लेने के लिए पार्किंग में पहुंचा। उसकी कार के बराबर में एक बलेनो कार खड़ी हुई थी और उसमें कुछ युवक शराब पी रहे थे। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### तीन किशोरियां लापता

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** अलग-अलग स्थान से 3 किशोरियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है। थाना सूरजपुर क्षेत्र के सेक्टर डेल्टा प्रथम में रहने वाले मनोज (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उनकी (15 वर्षीय) बेटी घर से बाहर गई थी। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी। देर शाम तक घर ना लौटने पर उन्होंने अपनी बेटी की काफी तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इसी थाना क्षेत्र के कस्बे में रहने वाले महेश (काल्पनिक नाम) की (15 वर्षीय) बहन 19 अप्रैल को घर से बाहर गई थी इसके बाद में वापस नहीं लौटी। महेश के मुताबिक उसने जब अपनी बहन की तलाश की तो पता चला कि अनिल कुमार उर्फ सुधीर उसकी बहन को बहला फुसला से भगा ले गया है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### शराब ठेके के सेल्समैन का ईनामी हत्यारोपी दबोचा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** शराब के ठेके की सेल्समैन की हत्या में वांछित चल रहे एक बदमाश को थाना बिसरख पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। हत्या में वांछित चलने के कारण इस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। बदमाश के पास से तमंचा, कारतूस व एक बाइक बरामद हुई है। डीसीपी सुनीति सिंह ने बताया कि थाना प्रभारी अरविंद कुमार पुलिस टीम के साथ एक मूर्ति चौराहे पर संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान गैलेक्सी वेगा गोल चक्कर की तरफ से बाइक पर आ रहा एक युवक पुलिस को देखकर चार मूर्ति चौराहे की तरफ भागने लगा। संदेह के आधार पर पुलिस ने बाइक सवार का पीछा शुरू किया। पुलिस कर्मियों को पीछे आता देखकर बाइक सवार ने फायरिंग कर दी। इस दौरान पुलिस की दूसरी टीम को आता देखकर बदमाश बाइक छोड़कर भागने लगा। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल हो कर गिर गया। इसके बाद पुलिसकर्मी ने घायल बदमाश को दबोच लिया। डीसीपी ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम नाजिम पुत्र मोहम्मद निवासी ग्राम खरदौनी शेखपुरा थाना इंचोली जनपद मेरठ बताया। नाजिम ने बताया कि वह और उसके साथी फाइनेंस की कारों की रिकवरी करने का काम करते हैं। (शेष पृष्ठ-3 पर)



## जनसभा पहुंचे नोएडा से हजारों कार्यकर्ता व पदाधिकारी

**नोएडा (चेतना मंच)।** आज दादरी के बिसहाड़ा में केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की जनसभा में नोएडा से 1 हजार से अधिक भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता पहुंचे।

भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री उमेश त्यागी ने बताया कि जनसभा के लिए नोएडा महानगर से 20 बसें तथा 5 दर्जन से अधिक निजी वाहनों में सवार होकर कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल पहुंचे।

दादरी जाने वालों में भाजपा के महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, चंदगीराम यादव, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, मनीष शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष शारदा चतुर्वेदी, चमन अवाना, ओम यादव, सुनील नागर, मंडल अध्यक्ष लोकेश कश्यप, कल्लू सिंह, प्रदीप चौहान, महेश चौहान, महेश अवाना, कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा, युद्धवीर चौहान, युवजन सभा के जिलाध्यक्ष रामनिवास, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष उमेश पहलवान, किसान मोर्चा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अमित त्यागी, अध्यक्ष ओमवीर अवाना, शहरी विकास मोर्चा अध्यक्ष डा. प्रसेनजीत मैत्रा, उपाध्यक्ष प्रवेश चौहान, स्पेशल मीडिया प्रभारी शिवांस श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष निर्मल सिंह, धर्मेन्द्र चौहान, अतुल ठाकुर, पूनम सिंह, नीता वाजपेयी, अल्पेश गर्ग, ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश प्रजापति, मंत्री कालीचरन प्रजापति, मंडल अध्यक्ष हेमंत कुमार, युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी अर्पित मिश्रा, मंडल अध्यक्ष रवि प्रधान, गोपाल गौड, पंकज झा आदि मौजूद थे।

## नहर व बस स्टैंड के पास मिले शव

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना दनकौर क्षेत्र के सरकपुर गांव के पास नहर से एक व्यक्ति का शव मिला है। वहीं थाना दादरी क्षेत्र में बस स्टैंड के बाहर भी एक युवक का शव पड़ा हुआ मिला। दोनों ही शवों की पहचान नहीं हो पाई है। थाना दनकौर प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि किसी ग्रामीण ने सूचना दी कि सरकपुर गांव के पास नहर में एक शव पड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाकर उसकी पहचान करने का प्रयास किया। शव कई दिन पुराना होने के कारण बुरी तरह सड़गल गया। जिस कारण उसकी पहचान नहीं हो पाई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर उसकी पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। आसपास के थाना क्षेत्र की पुलिस को नहर से अज्ञात शव (शेष पृष्ठ-3 पर)

## बसई गांव में दिनदहाड़े चलीं गोलियां पारिवारिक विवाद में हुआ झगड़ा

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के बसई गांव में हुए मामूली विवाद में चाचा भतीजे के बीच गोलियां चल गई। दिनदहाड़े गोलियां चलने से हड़कंप मच गया। थाना फेस-3 पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि बसई गांव स्थित अशोका होटल पर कुछ लोगों के बीच झगड़ा हो रहा है और दोनों पक्ष एक दूसरे को मरने मारने पर उतारू हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची इस दौरान पुलिस को आजाद यादव पुत्र अशोक यादव निवासी बसाई, सुरेंद्र पुत्र रामवीर निवासी ग्राम सर्फाबाद तथा दूसरे पक्ष के राकेश यादव पुत्र जयप्रकाश निवासी ग्राम कुड़ियागढ़ी गाजियाबाद व तय्यूब पुत्र मोहम्मद आशु सैफी झगड़ा करते हुए दिखाई दिए। दोनों पक्ष अवैध असलाहों से एक-दूसरे पर फायर कर रहे थे। पुलिस को देखकर दोनों पक्ष अवैध असलाहों को लेकर मौके से फरार हो गए। पुलिस को मौके से



32 बोर के दो खोखा कारतूस व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। अशोका होटल के हाल के गेट पर भी गोलियों के निशान मिले।

थाना प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आजाद यादव, राकेश यादव व तय्युब को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि राकेश यादव व आजाद यादव आपस में चाचा भतीजे हैं। दोनों के बीच पिछले काफी समय से वाद विवाद चला आ रहा है। सोमवार को दोनों पक्षों के बीच पहले कहा सुनी हुई और इसके बाद मारपीट व फायरिंग हुई। इस मामले में पुलिस फरार सुरेंद्र की तलाश कर रही है।

## चचेरे भाइयों व भतीजे पर मारपीट का आरोप

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना जारचा में एक व्यक्ति ने अपने चचेरे भाइयों व भतीजे के खिलाफ गाली गलौज व मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपियों ने घर के बाहर खड़े होकर घर की महिलाओं को भी भद्दी भद्दी गालियां दी। ग्राम प्यावली ताजपुर निवासी धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि उसके चचेरे भाई संदीप शर्मा, मनोज शर्मा तथा भतीजे पुनीत शर्मा ने उनके घर के बाहर खड़े होकर उसे तथा उसकी मां को भद्दी भद्दी गालियां दी। उन्होंने जब इस बात का विरोध किया तो तीनों आरोपी उन्हें मारने के लिए दौड़े। जिस पर उन्होंने अपने घर का दरवाजा बंद कर लिया। इसके बाद तीनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। धर्मेंद्र कुमार शर्मा के मुताबिक रात के समय चचेरे (शेष पृष्ठ-3 पर)

## मंदिर के दिए से जल उठा फ्लैट

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की देविका गोल्ड होम सोसाइटी के एक फ्लैट में मंदिर में रखें दिए से आग लग गई। दिए से लगी आग थोड़ी ही देर में फ्लैट में फैल गई और ऊंची ऊंची लपटें उठने लगी।

थाना बिसरख प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि आज सुबह पुलिस को सूचना मिली कि देविका गोल्ड होम सोसाइटी के टॉवर नंबर-5 में भूतल पर बने फ्लैट में आग लग गई है। सूचना के आधार पर तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया और थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंची फायर सर्विस यूनिट ने फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी की मदद से आग को बुझा दी। आग लगने से फ्लैट में रखा सामान जल गया। गनीमत यह रही की आग लगते ही परिजन बाहर निकल आए थे। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है।



## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा, चार की मौत

**आगरा (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के कन्नौज में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर आज भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां डिवाइडर तोड़कर दूसरी तरफ से आ रहे ट्रक से एक यात्री बस टकरा गई। इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को तिर्वा के मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक, प्राइवेट स्लीपर बस यात्रियों को लेकर गोरखपुर से दिल्ली जा रही थी। उसमें करीब 40 सवारियां थीं. तभी कन्नौज के ठठिया के 208 किलोमीटर के पिपरौली गांव के पास उसकी ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि बस आउट ऑफ कंट्रोल हो गई थी। वह डिवाइडर तोड़कर (शेष पृष्ठ-3 पर)



## विभिन्न स्थानों पर तीन वाहन चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।**

अलग-अलग थाना क्षेत्र से वाहन चोर मीडिया कर्मी की बाइक सहित तीन वाहनों को चोरी कर ले गए।

सेक्टर-63 में एक न्यूज़ चैनल में वीडियो एडिटर के पद पर कार्यरत विपुल कुमार ने अज्ञात चोर के खिलाफ बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। विपुल कुमार ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह 20 अप्रैल को ऑफिस गया था उसने अपनी बाइक ऑफिस के बाहर खड़ी कर दी। रात्रि में अज्ञात चोर ने ऑफिस के बाहर खड़ी उसकी बाइक चोरी कर ली। उसने जब बाइक गायब देखी तो ऑफिस में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली। फुटेज में एक व्यक्ति उसकी बाइक को चोरी कर ले जाता हुआ दिखाई दिया।

हल्द्वानी स्थित एकदंत ट्रैवल रेजिडेंसी के पास रहने वाले मोहम्मद नाजिम ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसने अपनी टाटा सफारी कार 19 अप्रैल को घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह जब वह सोकर उठा तो घर के बाहर से टाटा सफारी कर गायब थी। पीड़ित ने थाना ईकोटेक-3 में कर चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के एच ब्लॉक स्थित सुमन ऑटो बजाज सर्विस सेंटर के बाहर से खोड़ा कॉलोनी गाजियाबाद निवासी शुभम कुमार की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने थाना सेक्टर-63 में अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## पतांजलि के भ्रामक विज्ञापनों पर सुनवाई

### केन्द्र को नोटिस, भ्रामक विज्ञापनों पर कार्रवाई की मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली (चेतना मंच)।** पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन मामले में आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान योग गुरु रामदेव और आचार्य बालकृष्ण मौजूद रहे। कोर्ट ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन को फटकार लगाते हुए कहा कि वह पतंजलि पर अंगुली उठा रहा है, जबकि चार अंगुलियां उन पर इशारा कर रही हैं। बता दें, इस मामले में अगली सुनवाई 30 अप्रैल को होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एफएमसीजी भी जनता को भ्रमित करने वाले भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित कर रहे हैं, जिससे विशेष रूप से शिशुओं, स्कूल जाने वाले बच्चों और उनके उत्पादों का उपभोग करने वाले वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लाइसेंसिंग अधिकारियों को मामले में पक्षकार बनाने को कहा है।



सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय मंत्रालयों को तीन साल तक भ्रामक विज्ञापनों पर की गई कार्रवाई के संबंध में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के कथित अनैतिक आचरण के संबंध में कई शिकायतें हैं। आईएमए को अपने कथित अनैतिक कृत्यों के संबंध में भी अपनी स्थिति दुरुस्त करनी होगी, जहां ऐसी दवाएं लिखी जाती हैं जो महंगी और अनावश्यक हैं।

### गंगा स्नान के बाद 110 साल के वृद्ध की मौत
## नाती ने रूकवाया अंतिम संस्कार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** अनूपशहर में गंगा नहाने गए 110 साल के वृद्ध की मौत हो गई। वृद्ध के नाती ने मौत पर संदेह जताते हुए पुलिस को सूचना देकर उसका अंतिम संस्कार रुकवा दिया। थाना रबूपुरा पुलिस ने सूचना के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। ग्राम उटरावली निवासी (शेष पृष्ठ-3 पर)


RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

# निरंकुश अपराध

नंगे दराट पर खून की धार जिस सार्वजनिक स्थान पर फूटी, वहां समाज, संस्कृति, शासन-प्रशासन और कानून व्यवस्था की नंगई सामने आ गई। पालमपुर शहर की चीखें उस वक्त शिमला तक जरूर पहुंची होंगी, जब असहाय बेटी एक दरिंदे के सामने जान बचाने की कोशिश कर रही थी। कोशिश तो धीरा के गांव में उस औरत ने भी की होगी, जिसकी एक दिन पहले गला रेत कर हत्या कर दी थी। हैरानी यह कि पालमपुर बस स्टैंड जैसी व्यस्त जगह में भी अपराध की टोह में एक बेटी पर घातक प्रहार इसलिए हो गए, क्योंकि कानून व्यवस्था कानों में रुई और आंखों पर काली पट्टी बांध कर अमन-चैन की सूचना देने में मशगूल है। इसी पालमपुर के व्यवसायी ने पुलिस महकमे के शिखर से हर स्रोत तक की शिकायत जब की थी, तो यह एक बुरा अनुभव मान कर औपचारिक कार्रवाई बन गई। मामला डीजीपी और एसपी की ट्रांसफरों तक सिमट कर अदालती हो गया, जबकि अंधी आंखों को भी ऐसे साक्ष्य मिल रहे हैं कि पुलिस व्यवस्था की तासीर में अब खोट उभर रहा है या अब ढर्रा बदलना पड़ेगा। अपराध निरंकुश व बहरूपिया बन कर खतरे बढ़ा रहा है, लेकिन हम राजनीतिक राजाओं और आकाओं की खिदमत में भूल गए कि कानून की असली चुनौतियां हैं कहां। कहीं कांग्रेस छोड़ चुके पूर्व विधायकों को केंद्रीय सुरक्षा बलों के पहरे मिल रहे हैं, तो कहीं सरकार के ओहदेदारों की प्रदेश पुलिस हिफाजत में लगी है। होती होगी पुलिस अलर्ट जब सत्ता के काफिलों में कलगियों की रक्षा की जाती है या सारा अमला जब बैठकें करता होगा, तो कानून के हर पहलू को जगाया जाता होगा, वरना टोटे-टोटे लाशें और सूटा-सूटा नशा हमारे परिवेश में खतरे की घंटियां बजा रहा है। राजधानी शिमला तक चिट्टे की सप्लाई अगर कूरियर से हो रही है, तो इस नेटवर्क की किलेबंदी में न जाने कितने कसूरवार हैं और तब हम अपनी युवा पीढ़ी को बचाएंगे कैसे। यकीनन दरिंदे के हाथों से कुछ दिलेर लोगों ने बेटी बचा ली, वरना कोसने के सिवा क्या मिलता। आश्चर्य है कि कुछ वर्ष पूर्व गुडिया़ कांड की सलाखों में दर्ज और अपमानित कानून व्यवस्था ने आज तक कुछ ऐसा नहीं किया कि अपराध बार-बार इस तरह गले पड़ रहा होता। कानून व्यवस्था के वर्तमान में सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक पक्ष को आज के परिप्रेक्ष्य में गंभीरता से लेना होगा। शहरी, ग्रामीण व हिमाचल के सीमांत क्षेत्रों की कानून व्यवस्था के पहरे सशक्त करने की दृष्टि से पुलिस बंदोबस्त की नई व्याख्या जरूरी है। प्रदेश के कुछ जिलों व शहरों की कानून व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए पुलिस आयुक्तालयों की स्थापना के साथ ग्रामीण, ट्रैफिक, पर्यटन व सीमांत क्षेत्रों के लिए अलग से इंतजाम करने पड़ेंगे। शहरी, ट्रैफिक व पर्यटन पैट्रोलिंग के लिए सख्त निर्देश व आवश्यक नियुक्तियां जरूरी हैं। पालमपुर के दराट कांड में अगर बिटिया चीख रही थी, तो उसकी चीखें पुलिस व्यवस्था तक क्यों नहीं पहुंची। हम भाईचारे में कानून-व्यवस्था को कब तक चलाएंगे। शहरों में बाइपास होते हुए भी अगर ट्रैफिक पुलिस का नियंत्रण सही से निर्देशित नहीं करता तो इसका शायद ही कोई समाधान हो। ट्रैफिक के बीच युवा बाइकर जिस तरह परिवहन को असुरक्षित बना रहे हैं, वहां पुलिस महकमे का एक्शन है कहां। पर्यटन, समाज और सडक़ की भीड़ अगर अनियंत्रित छोड़ दी जाए, तो कानून के हाथ-पांव काटने के लिए कोई न कोई दराट चला देगा। पालमपुर के घटनाक्रम से कानून-व्यवस्था, समाज और पुलिस प्रशासन को अनेक सबक मिल रहे हैं। ऐसे में पालमपुर में पीड़ित बेटी को बचाती हुई जो लडक़ी बहादुरी से कर्म की नई परिभाषा लिख पाई, उसके लिए अभिभावकों को सलाम।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि हे सर्पों के शत्रु गरुड़जी! मैं सेवक हूँ और भगवान मेरे सेव्य (स्वामी) हैं, इस भाव के बिना संसार रूपी समुद्र से तरना नहीं हो सकता। ऐसा सिद्धांत विचारकर श्री रामचंद्रजी के चरण कमलों का भजन कीजिए॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**जो चेतन कहँ जड़ करइ जड़हि करइ चैतन्य।**
**अस समर्थ रघुनायकहि भजहिं जीव ते धन्य॥**

जो चेतन को जड़ कर देता है और जड़ को चेतन कर देता है, ऐसे समर्थ श्री रघुनाथजी को जो जीव भजते हैं, वे धन्य हैं॥

कहेउँ ग्यान सिद्धांत बुझाई। सुनहु भगति मनि कै प्रभुताई॥
**राम भगति चिंतामनि सुंदर। बसइ गरुड़ जाके उर अंतर॥**

मैंने ज्ञान का सिद्धांत समझाकर कहा। अब भक्ति रूपी मणि की प्रभुता (महिमा) सुनिए। श्री रामजी की भक्ति सुंदर चिंतामणि है। हे गरुड़जी! यह जिसके हृदय के अंदर बसती है,॥

**परम प्रकास रूप दिन राती। नहिं कछु चहिअ दिआ घृत बाती॥**
**मोह दरिद्र निकट नहिं आवा। लोभ बात नहिं ताहि बुझावा॥**

वह दिन-रात (अपने आप ही) परम प्रकाश रूप रहता है। उसको दीपक, घी और बत्ती कुछ भी नहीं चाहिए। (इस प्रकार मणि का एक तो स्वाभाविक प्रकाश रहता है) फिर मोह रूपी दरिद्रता समीप नहीं आती (क्योंकि मणि स्वयं धनरूप है) और (तीसरे) लोभ रूपी हवा उस मणिमय दीप को बुझा नहीं सकती (क्योंकि मणि स्वयं प्रकाश रूप है, वह किसी दूसरे की सहायता से प्रकाश नहीं करती)॥

**प्रबल अबिद्या तम मिटि जाई। हारहिं सकल सलभ समुदाई॥**
**खल कामादि निकट नहिं जाहीं। बसइ भगति जाके उर माहीं॥**

(उसके प्रकाश से) अविद्या का प्रबल अंधकार मिट जाता है। मदादि पतंगों का सारा समूह हार जाता है। जिसके हृदय में भक्ति बसती है, काम, क्रोध और लोभ आदि दुष्ट तो उसके पास भी नहीं जाते॥

**गरल सुधासम अरि हित होई। तेहि मनि बिनु सुख पाव न कोई॥**
**दब्यापहिं मानस रोग न भारी। जिन्ह के बस सब जीव दुखारी॥**

उसके लिए विष अमृत के समान और शत्रु मित्र हो जाता है। उस मणि के बिना कोई सुख नहीं पाता। बड़े-बड़े मानस रोग, जिनके वश होकर सब जीव दुःखी हो रहे हैं, उसको नहीं व्यापते॥

(क्रमशः....)

# मतदाता की बेरुखी लोकतंत्र के लिए नहीं हैं अच्छे संकेत

18 वीं लोकसभा के लिए पहले चरण की 102 सीटों के लिए मतदान के प्रति मतदाताओं की उदासीनता ने निराश ही किया है। आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी मतदान प्रतिशत बढ़ने के स्थान पर कम होना निश्चित रुप से किसी भी रुप में लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं माना जा सकता है। चुनाव आयोग के लाख प्रयासों के बावजूद मतदान प्रतिशत कम होना निश्चित रुप से सोचने को मजबूर कर देता है। चुनाव आयोग से पहले चरण के मतदान के प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण किया जाये तो साफ हो जाता है कि 2019 की तुलना में दो प्रतिशत तक मतदान प्रतिशत में गिरावट आई है। हांलाकि त्रिपुरा और सिक्किम में मतदान का आंकड़ा 80 प्रतिशत को छूने में सफल रहा है पर वहां भी 2019 की तुलना में कम है। त्रिपुरा में 2019 के 81.9 प्रतिशत की तुलना में 81.5 प्रतिशत और सिक्किम में 84.8 प्रतिशत की तुलना में 80 प्रतिषत मतदान रहा है। पहले चरण के चुनावों में मतदान का सबसे कम प्रतिशत बिहार का रहा है जहां मतदान का आंकड़ा 50 प्रतिषत को भी छू नहीं पाया है। छत्तीसगढ़ में अवश्य 2019 की तुलना में एक प्रतिशत से कुछ अधिक मतदान रहा है। जहां तक राजस्थान का प्रश्न है 12 सीटों पर हुए मतदान में मतदान प्रतिषत में 6 फीसदी की गिरावट रही हैं। सभी सीटों पर मतदान का प्रतिषत 2019 की तुलना में कम रहे हैं। हांलाकि चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ें आरंभिक सूचना के आधार पर है पर इनमें कोई खास बदलाव आने की संभावना नहीं है। मजे की बात यह है कि पहले चरण में लोकसभा की 543 सीटों में से 20 प्रतिशत से कुछ कम 102 सीटों पर मतदान हो चुका हैं। यदि मतदाताओं का अगले चार चरणों के मतदान में भी यही रुख रहता है तो यह चुनाव आयोग, राजनीतिक दलों, लोकतांत्रिक व्यवस्था, गैरसरकारी संगठनों सहित सभी के लिए चिंतनीय हो जाता है।

मतदान में हिस्सा नहीं लेने वाले मतदाताओं को किसी भी हालत में देश का जिम्मेदार नागरिक नहीं कहा जा सकता। आज चुनाव आयोग ने जहां अवेयरनेस प्रोग्राम के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागृत किया हैं वहीं पारदर्शी और सहज मतदान व्यवस्था सुनिश्चित की है। आज मतदाताओं को किसी राजनीतिक दल पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। एक मतदान केन्द्र पर एक सीमा तक ही मतदाता होने के साथ ही मतदान केन्द्र पर सभी तरह की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। अब तो मतदाता को चुनाव आयोग द्वारा मतदाता क्रमांक से लेकर मतदान केन्द्र तक की जानकारी का समावेश करते हुए परची उपलब्ध कराई जाती है। सीनियर सिटिजन और मतदान केन्द्र तक जाने में अक्षम मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा दी गई है। मतदाताओं को जागृत करने के लिए प्रचार के सभी माध्यम यहां तक कि सोशियल मीडिया का उपयोग किया जाने लगा है। मतदान को निष्पक्ष और भयमुक्त कराने के लिए संपूर्ण व्यवस्था चाक चोबंद की जाती है। राजनीतिक दलों और उम्मीद्वारों की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जाती है। यहां तक कि उम्मीद्वार से संबंधित जानकारी साझा की जाती है। संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर विशेष व्यवस्था होती है। कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही मतदान केन्द्र पर सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। इसके अलावा यह नहीं भूलना चाहिए कि साक्षरता और लोगों में जागरुकता आई है। चुनाव आयोग के अलग अलग ऑब्जरवर द्वारा पूरी व्यवस्था पर कड़ी नजर रखी जाती है ताकि राजनीतिक दलों या उम्मीद्वारों द्वारा मतदाताओं को किसी भी गलत तरीके से प्रभावित नहीं किया जा सके। इस सबके बावजूद मतदान कम होना गंभीर हो जाता है।




**मतदान में हिस्सा नहीं लेने वाले मतदाताओं को किसी भी हालत में देश का जिम्मेदार नागरिक नहीं कहा जा सकता। आज चुनाव आयोग ने जहां अवेयरनेस प्रोग्राम के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागृत किया हैं वहीं पारदर्शी और सहज मतदान व्यवस्था सुनिश्चित की है।**

लोकसभा के पहले चुनाव 1952 में 44.87 प्रतिशत मतदान रहा था जो सर्वाधिक 67.40 प्रतिशत 2019 के 17 वीं लोकसभा के चुनाव में रहा। मतदान में उतार चढ़ाव तो देखा जाता रहा है पर चुनाव व्यवस्था के सरलीकरण, पारदर्शिता, निष्पक्ष चुनाव की चाकचोबंद व्यवस्था, ग्रामीण और शहरी सभी क्षेत्रों में साक्षरता में बढ़ोतरी के बावजूद यदि मतदान प्रतिशत 90 के आंकड़ें को भी नहीं छूता है तो यह घोर निराशाजनक है। हांलाकि आजादी के बाद सर्वाधिक मतदान 1984 के 64.01 के आंकड़ें को 2014 में पीछे छोड़ा गया पर 2019 के पहले चरण के मतदान से निराशा ही हाथ लगी है। आखिर शिक्षित मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करने के प्रति इतना गैरजिम्मेदार कैसे हो रहा है। सब कुछ को अलग कर दिया जाये तो भी इस बात से नहीं नकारा जा सकता कि देश के नागरिक का भी अपने देश के प्रति लोकतंत्र के प्रति दायित्व होता है। आखिर हम सरकार की आलोचना करने में तो पीछे नहीं रहते पर कभी हमने सोचा है क्या कि हम मताधिकार का उपयोग करने के अपने दायित्व को नहीं समझ पाते हैं। अपनी सरकार चुनने के अवसर पर हम हमारे दायित्व को कैसे भूल जाते हैं। इस संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पीण भी अपने आप में गंभीर हो जाती है। भारत जैसे देश के आम नागरिकों द्वारा इस तरह से लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी हिस्सेदारी नहीं निभाना किसी अपराध से कम नहीं माना जाना चाहिए।

हमें गर्व होता है कि हमारे देश का लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। पर हमें उस समय नीचे देखने को भी मजबूर होना पड़ता है जब इतने बड़े लोकतंत्र के पर्व पर आमनागरिक अपने दायित्व को समझने और उसे पूरा करने की भूल कर बैठता है और मताधिकार का उपयोग नहीं कर व्यवस्था को ठेंगा बताने का प्रयास करते हैं। मेरा तो यहां तक मानना है कि नोटा का प्रयोग भी सही विकल्प नहीं है वहीं मतदान का बहिष्कार तो देशद्रोह से कम अपराध नहीं माना जाना चाहिए। चुनाव आयोग, राजनीतिक दलों, सर्वोच्च न्यायालय, सरकार गैरसरकारी संगठनों और समाज के प्रबुद्ध जनों को सोचना होगा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर अपनी आहुति देने के काम से मुहं मोड़ने वालों के प्रति कोई सख्त कदम जैसा प्रावधान होना ही चाहिए। कोई ना कोई ऐसा संदेश जाना चाहिए ताकि लोग मतदान के प्रति संवेदनशील हो और मतदान अवश्य करें। यह समूची व्यवस्था को ही सोचने को मजबूर कर देता है। आने वाले चार चरणों में होने वाले मतदान में अधिक से अधिक मतदाता हिस्सा ले इसके लिए सभी स्तर पर समन्वित प्रयास किये जाने की आवश्यकता है।

**- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था के बढ़ने का परिदृश्य

हाल ही में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के तेजी से बढ़ते हुए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। बढ़ते हुए कृषि उत्पादन और ग्रामीण बाजारों में मांग बढ़ने से निजी खपत में भी तेजी आ रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और प्रमुख मौसम एजेंसी स्काईमेट ने कहा है कि अनुकूल मानसूनी मौसम के कारण इस वर्ष 2024 में भारत में अच्छी वर्षा के स्पष्ट संकेत खेती और भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसी प्रकार हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा कहा गया है कि इस वर्ष 2024 में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के सामान्य रहने की उम्मीद है जिससे कृषि गतिविधियों में और तेजी आएगी। ग्रामीण बाजारों में भी मांग बढ़ने से अर्थव्यवस्था को तेज गति मिलेगी। गौरतलब है कि विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण अधिक खर्च कर रहे हैं। गांवों में न केवल कृषि संबंधी संसाधनों की अधिक बिक्री हो रही है, वरन गांवों में फ्रिज, दोपहिया वाहन और टीवी की खरीददारी में सबसे उच्च स्तर पर है। यह सब ग्रामीण भारत में भविष्य के प्रति उत्साह और वर्तमान के बेहतर परिणामों का प्रतीक है।




यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत में पिछले एक दशक में शहरी परिवारों के मुकाबले ग्रामीण परिवारों का खर्च तेजी से बढ़ा है। ग्रामीण भारत के विकास के लिए सरकारी योजनाओं के तहत किए गए भारी व्यय, ग्रामीणों के रोजगार की मनरेगा योजना तथा स्वरोजगार की ग्रामीण योजनाओं से ग्रामीण परिवारों की आमदनी में तेज इजाफे के साथ उनकी क्रय शक्ति और मांग में भारी इजाफा हुआ है। इससे ग्रामीण भारत की आर्थिक ताकत में इजाफा हुआ है। यद्यपि अभी आम चुनाव के बाद जून 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के मूर्तरूप लेने में कोई दो माह बकाया है, लेकिन उच्च प्रशासनिक स्तर पर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के मकसद से जिन क्षेत्रों के लिए आगामी पांच सालों के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जाना शुरू की गई है, उनमें कृषि भी प्रमुख है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस समय पूरी दुनिया में भारत को खाद्यान्न का नया वैश्विक कटोरा माना जा रहा है। भारत दुनिया का तीसरा बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश है। दुनिया में भारत सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश बना हुआ है। गेहूं तथा फलों के उत्पादन के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर तथा सब्जियों के उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। विश्व स्तर पर भारत केला, आम, अमरूद, पपीता, अदरक, भिंडी, चावल, चाय, गन्ना, काजू, नारियल, इलायची और काली मिर्च आदि के प्रमुख उत्पादक के रूप में जाना जाता है। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण के मामले में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। निश्चित रूप से पिछले 10 वर्षों में कृषि एवं ग्रामीण विकास का नया आधार तैयार हुआ है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि क्षेत्र का योगदान करीब 15 फीसदी है।

सरकार के द्वारा ग्रामीण एवं कृषि विकास के लिए एक के बाद एक रणनीतिक कदम उठाए गए हैं। कृषि बजट में 10 वर्षों में 5 गुना वृद्धि हुई है। किसानों के सशक्तिकरण, फसलों के लिए किसानों को लाभप्रद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिए जा रहे हैं। सरकार के द्वारा 11 करोड़ से अधिक किसानों के जनधन खातों में पीएम किसान सम्मान निधि के तहत करीब 3 लाख करोड़ रुपए सीधे हस्तांतरित होने जैसे प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में उर्वरक, बीज, कृषि, रसायन, ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण, जैसी कृषि क्षेत्र से जुड़ी हुई वस्तुओं के अधिक उपयोग से किसानों को लाभ हुआ है और इन सबसे जहां एक ओर भारत में कृषि क्षेत्र अधिक प्रतिस्पर्धी एवं लाभदायक बन रहा है, वहीं दूसरी ओर छोटे किसान अधिक लाभान्वित हो रहे हैं। जहां कोविड-19 की आपदाओं से लेकर अब तक भारत वैश्विक स्तर पर दुनिया के जरूरतमंद देशों की खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहा है, वहीं भारत ने दुनियाभर में कृषि उत्पादों के निर्यात बढ़ाने का अवसर भी मुट्ठियों में लिया है। भारत से कृषि निर्यात लगातार बढ़ते जा रहे हैं। भारत से अनाज, गैर-बासमती चावल, बाजरा, मक्का और अन्य मोटे अनाज के अलावा फलों एवं सब्जियों के निर्यात में भारी वृद्धि देखी गई है। भारत के कृषि उत्पादों के बड़े बाजारों में अमरीका, चीन, बांग्लादेश, वियतनाम, इंडोनेशिया, नेपाल, ईरान और मलेशिया शामिल हैं। कई छोटे देशों के बाजार भी मुट्ठियों में आए हैं। उल्लेखनीय है कि विश्व बाजार में भारत के मसालों की खुशबू की धमक बहुत अधिक बढ़ी है। चूंकि देश में मसाले की खेती में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाता है, अतएव इसका असर वैश्विक बाजार में भारतीय मसालों की निर्यात मांग बढ़ने के रूप में रेखांकित हो रहा है। इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है।

खाद्य प्रसंस्करण में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। इस समय भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढक़र दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण निर्यातों में 15 गुना वृद्धि हुई है। निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13 से बढक़र 23 प्रतिशत हो गई है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण के तहत पांच क्षेत्र हैं। एक डेयरी क्षेत्र, दो फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, तीन अनाज का प्रसंस्करण, चार मांस मछली एवं पोल्ट्री प्रसंस्करण तथा पांच, उपभोक्ता वस्तुएं पैकेट बंद खाद्य और पेय पदार्थ। खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के यह भी उल्लेखनीय हैं कि इन प्रमुख पांचों क्षेत्रों की व्यापक संभावनाओं को मुट्ठियों में करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इससे ग्रामीण भारत लाभान्वित हो रहा है। यह बात महत्वपूर्ण है कि फरवरी 2024 में भारत के द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबूधाबी में आयोजित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा, खाद्यान्नों के सार्वजनिक भंडारण एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के स्थायी समाधान के लिए जिस तरह प्रभावी पहल की, उसके कारण इस सम्मेलन में इन मुद्दों पर कई विकसित देश भारत के किसानों के हितों के प्रतिकूल कोई प्रस्ताव आगे नहीं बढ़ा पाए।

ऐसे में अब भी भारत अपने किसानों के उपयुक्त लाभ के लिए नीतियां बनाते हुए खाद्य सुरक्षा और सार्वजनिक भंडारण की सुविधा से कृषि और ग्रामीण विकास के अभियान को आगे बढ़ा सकेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी 2024 को सरकार ने सहकारी क्षेत्र में दुनिया की जिस सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना के लिए प्रायोगिक परियोजना के तहत जिन 11 राज्यों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को लक्षित किया गया है, उनके माध्यम से पैक्स की किसानों के हित में बहुआयामी भूमिका होगी। ऐसे में नई खाद्यान्न भंडार योजना के माध्यम से देश में खाद्यान्न भंडारण की जो क्षमता फिलहाल 1450 लाख टन की है, उसे अगले 5 साल में सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करके कुल खाद्यान्न भंडारण क्षमता 2150 लाख टन किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। यह अभूतपूर्व खाद्यान्न भंडारण व्यवस्था नए भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए बहुआयामी उपयोगिता देते हुए दिखाई देगी। हम उम्मीद करें कि लोकसभा चुनाव के बाद गठित होने वाली नई सरकार कृषि एवं ग्रामीण विकास के साथ-साथ कृषि सुधारों की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी और इससे किसानों व ग्रामीण भारत के चेहरे पर मुस्कुराहट बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगी। इस तरह ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि में व्यापक विकास के आसार हैं।

**डा. जयंती लाल भंडारी**
**विख्यात अर्थशास्त्री**

# राशिफल

चैत्र कृष्ण पक्ष : पूर्णिमा | (विक्रम संवत् 2081)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। बहुत रंगीन जीवन गुजारेंगे पति-पत्नी का साथ और प्रेमी-प्रेमिका की भी मुलाकात संभव है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
शत्रु नतमस्तक होंगे। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। स्वास्थ्य थोड़ा नरम-गरम है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ङ , छ, के, हो, हा)**
मिथुन राशि की स्थिति स्वास्थ्य के मामले में बहुत अच्छी नहीं है। प्रेम,संतान को लेकर भी थोड़ा सा चितिंत रहेंगे आप।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
घरेलू चीजों की बढ़ोतरी। घरेलू सुख-सुविधा की वस्तु में बढ़ोतरी। प्रेम,संतान मध्यम। व्यापार भी मध्यम।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
पराक्रम रंग लाएगा। जो कुछ भी आपने सोचा-समझा है व्यवसाय के लिए उसको लागू करिए। स्वास्थ्य अच्छा है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
निवेश करने से बचें। मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक स्वास्थ्य थोड़ा सा बेहतर हो गया है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
समाज में सराहे जाएंगे। आपका कद बढ़ेगा। जरुरत के हिसाब से वस्तुएं उपलब्ध होंगी जीवन में। आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
मानसिक स्थिति थोड़ी गड़बड़ रहेगी। चिंताकारी सृष्टि का सृजन होगा। सर दर्द, नेत्र पीड़ा वगैरा बनी रहेगी।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
यात्रा का योग बन रहा है। आर्थिक स्थिति आपकी मजबूत होती हुई दिख रही है। प्रेम, संतान अच्छा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
उच्चाधिकारियों का आर्शीवाद मिलेगा। राजनीतिक लाभ होगा। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। व्यावसायिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भाग्य साथ देगा। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी और स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। प्रेम, संतान अभी थोड़ा मध्यम है। व्यापार अच्छा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
अच्छी स्थिति नहीं है। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। प्रेम, संतान, व्यापार सब गड़बड़ है। बचकर पार करें।

# सूरजपुर में प्राचीनकालीन ऐतिहासिक बाराही मेला हवन यज्ञ के साथ शुरू

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** सूरजपुर में प्राचीन ऐतिहासिक बाराही मेला प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी कल से शुरू हो गया। (यज्ञ) हवन आचार्य सुमित शुक्ला ने संपन्न कराया। इस मौक पर शिव मंदिर मेला समिति के अध्यक्ष चौधरी धर्मपाल भाटी प्रधान ने कहा कि ऐतिहासिक बाराही मेला-2024 की शुरूआत से अब पूरे क्षेत्र में ग्रामीण संस्कृति की अलग ही अलख दिखाई देगी। पूरे 13 दिन यानी 04 मई तक यहां राजस्थान और हरियाणवी गीत संगीत के साथ लोक संस्कृति मंच तथा संस्कृति मंच की प्रस्तुतियों के द्वारा लोगों का मनोरंजन किया जाता रहेगा।



शिव मंदिर मेला समिति के महासचिव ओमवीर बैंसला ने कहा कि बाराही मेला-2024 में बच्चों के मनोरंजन के लिए कठपुतली शो, नट कला,मौत का कुआ, सर्कस जादूगर शो और विभिन्न प्रकार के झूले लगाए गए हैं। बाराही मेले के अंतिम दिन 04 मई को दोपहर 2.00 बजे से 101 रूपये से लेकर 31000/- रूपये तक के दंगल में दूरदूर से आकर पहलवान अपनी मल्ल कला का प्रदर्शन करेंगे। शिव मंदिर मेला समिति के कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सिंघल ने कहा कि बाराही मेले के शुरू होते ही चमात्कारिक सरोवर में स्नान करने वालों की संख्या भी अचानक बढ गई है यहां स्नान करने से चर्म रोग छू मंतर हो जाते है। इस रमणिक स्थल के पवित्र सरोवर के लिए मां बाराही की यह असीम अनुकंपा से बनी हुई है।

मीडिया प्रभारी मूलचंद शर्मा ने बताया कि कल, दिनांक 23 अप्रैल-2024, मंगलवार की सांय 5 बजे ऐतिहासिक प्राचीनकालीन बाराही मेला-2024 शेख चिल्ली और रूखसाना एंड पार्टी के कलाकारों की हंसी की महफिल जमेगी। उन्होंने बताया कि आज सांय 5 बजे दीप प्रज्वलत के बाद बाराही मेला के रात्रिकालीन कार्यक्रमों का शुभारंभ किया जाएगा। सरस्वती वंदना के बाद अंजलि एकेडमी के नन्हे मुन्हों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। फिर शेखचिल्ली, रूखसाना एंड पार्टी के शलेकचंद हूण, अमर सिंह, महाराज सिंह नागर, मौनी शर्मा, शीला तूफान, जारा खान, इरशाद राजा, लोकेंद्र तूफान, आशा जाटव आदि कालाकारों के द्वारा हंसी के हसगुल्ले और रागनियों के रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।

इस मौके पर शिव मंदिर बाराही मेला समिति के अध्यक्ष चौधरी धर्मपाल भाटी प्रधान, महासचिव ओमवीर बैंसला, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सिंघल, मीडिया प्रभारी मूलचंद शर्मा और पवन जिंदल, ज्ञानेंद्र देवधर, रवि भाटी, लीलू भगत जी, योगेश अग्रवाल, दीपक भाटी एडवोकेट आदि मेला समिति के पदाधिकारी और गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# होम्योपैथी चिकित्सा के जनक डा. हैनीमैन की 269वीं जयंती मनाई




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन द्वारा अंसल गोल्फ लिंक स्थित होटल ड्वेलिंग रेजीडेंसी में होम्योपैथी के जनक डा.सी.एफ़. सेमुअल हैनीमैन का 269वाँ जन्मदिवस केक काटकर व उपस्थित चिकित्सकों का स्वागत कर बढ़े ही धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य स्थिति बैक्सन ग्रुप के सीएमडी प्रसिद्ध होमियोपैथिक चिकित्सक डा.एसपीएस बख्शी थे। उन्होंने विश्व की दूसरे नंबर की चिकित्सा पद्धति होम्योपैथी की बढ़ती लोकप्रियता को जन जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। प्रोफेसर डा. राशिद अख्तर ने डा.हैनीमैन के जीवन व उनके योगदान के बारे में प्रकाश डाला। उपस्थित चिकित्सकों ने विभिन्न विषयों पर अपने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन व संयोजन वरिष्ठ होम्योपैथी चिकित्सक डा.जितेंद्र सिंह ने किया।

इस दौरान बैक्सन होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डा.सी.पी.शर्मा, डा.शिखागोयल, डा.ए.के.सिंह, डा.डी.एन.यादव, पूर्व डीएचओ डा.बी.के.श्रीवास्तव, डा.काथिका चट्टोपाधाया, डा.अजय भाटी व राजकीय चिकित्सा अधिकारी डा.अवनीश अग्निहोत्री आदि उपस्थित रहे।

# इफको ने मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

**प्रयागराज (ब्यूरो)।** इफको फूलपुर, टाइम्स ऑफ इंडिया एवं जीवन ज्योति अस्पाताल के सहयोग से इफको फूलपुर के प्रशिक्षण केंद्र में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया, जिसमें मुख्य वक्ता डॉ.अर्पित बंसल, चिकित्सक जीवन ज्योति हास्पिटल रहे।

इस वर्ष का विषय पृथ्वी बनाम प्लास्टिक है, जिसका उद्देश्य धरती पर प्लास्टिक के दुष्प्रभाव पर जन-समुदाय का ध्यान आकर्षित है। डॉ. अर्पित बंसल ने कहा कि हमें अपने रोजमर्रा के जीवन में प्लास्टिक के उपयोग को कम करना चाहिए तथा सिंगल यूज प्लास्टिक को यथासंभव त्यागना चाहिए। क्योंकि प्लास्टिक प्रदूषण से धरती एवं समुद्र दूषित हो रहा है, जिसका दुष्प्रभाव हमारे स्वास्थ्य पर पड़ रहा है तथा हमें आज ही शपथ लेनी चाहिए कि हम व्यक्तिगत तौर पर प्लास्टिक के उपयोग को कैसे न्यूनतम कर सकते है।




मुख्य अतिथि वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया ने कहा कि यह एक दिन का सेमिनार नहीं है,बल्कि हमें वर्ष भर प्लास्टिक के उपयोग को कम करना चाहिए। नैनो उर्वरक पर्यावरण एवं मिट्टी अनुकूल है, जिसे हम बढ़ावा दे रहे है। कार्यक्रम का संचालन उमेश कुमार एवं अमित श्रीवास्तव ने किया।

कार्यक्रम में महाप्रबंधक संजय वैश्य व एमडी मिश्र, संयुक्त महाप्रबंधक पी.के.पटेल व अनीता मिश्रा, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयं प्रकाश तथा बड़ी संख्या में इफको कर्मचारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।




भारतीय किसान यूनियन बलराज संगठन के बैनर तले अनिश्चित कालीन धरना सेक्टर 142 नोएडा शहदरा गांव में 70वें दिन भी जारी रहा।

## पृष्ठ एक के शेष....

**कांग्रेस ने हमेशा...**

आज नोएडा पर्यटन और कानून व्यवस्था के लिए देश भर में जाना जाता है। उन्होंने बताया कि जब वह मुख्यमंत्री थे तो जेवर में एयरपोर्ट के प्रस्ताव को लेकर केन्द्र की सरकार के पास गए थे, लेकिन पूर्व की सरकारों ने इस योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया। राजनाथ सिंह ने कहा कि वह प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी का आभार व्यक्त करना चाहते हैं कि उन्होंने जेवर एयरपोर्ट को बनाने का संकल्प लिया। राजनाथ सिंह ने कहा कि पहले उप्र की गिनती गरीब राज्यों की श्रेणी में होती है। लेकिन डबल इंजन की सरकार ने करिशमाई काम किया है और मुझे ये कहते हुए गर्व है कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था 1 मिलियन डॉलर तक पहुंप जाएगी।

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इकलौती ऐसी पार्टी है जो वायदे करती है तो उन्हें पूरा भी करती है। केन्द्र में बहुमत की सरकार बनने के बाद भाजपा ने जम्मू-कश्मीर से धारा-370 को समाप्त किया। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण किया। साथ ही तीन तलाक की कुप्रथा को भी समाप्त कर लाखों बहन-बेटियों को उनका सम्मान लौटाया।

विपक्ष पर हमला बोलते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि आज विपक्ष प्रधानमंत्री पर अंगुली उठा रहा है कि वह हिन्दु-मुस्लिम को बांटकर राजनीति कर रहे हैं। जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज तक हिन्दु-मुस्लिम व अन्य सम्प्रदायों में कोई फर्क नहीं किया। कांग्रेस हमेशा जनता को धोखे में रखकर राजनीति करती है। जनसभा में राजनाथ सिंह ने देश की अर्थव्यवस्था, रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान फंसे 25 हजार भारतीय बच्चों को सुरक्षित वापस लाने तथा रक्षा के क्षेत्र में हुए विकास तथा भारत का दुनिया में बढ़ रहे सम्मान की बात रखी। जनसभा में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया, जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह, दादरी के विधायक तेजपाल नागर, एमएलसी श्रींचद शर्मा, नरेन्द्र भाटी, सिकन्द्राबाद की विधायक लक्ष्मी राज सिंह, प्रणीत भाटी, विकास अग्रवाल, जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी, नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, रालोद जिलाध्यक्ष जर्नादन भाटी, त्रिलोक त्यागी, पूर्व मंत्री मदन चौहान, सरोज सिंह मुंशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा के नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**कार हटाने को...**

उन्होंने जब कार सवार युवकों से गाड़ी हटाने के लिए कहा तो वह गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। झगड़ा होता देखकर आस पड़ोस के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और बीच बचाव कर दिया। राहुल शर्मा के मुताबिक इसके बाद वह अपने दोस्त के साथ पास के ही टेस्टी ऑफ दिल्ली रेस्टोरेंट पर खाना खाने के लिए चले गए। कुछ देर बाद कार सवार व उनके कुछ साथी रेस्टोरेंट में आ गए और उन पर चाकू व लोहे के पंच से हमला कर दिया। आरोपियों ने उसकी तथा उसके दोस्त आशीष भाटी की जमकर पिटाई की। नशे में धुत्त युवकों व उनके साथियों ने आशीष को इस कदर पीटा कि उसका सर कई जगह से फट गया और वह लहूलुहान हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। राहुल शर्मा ने चार अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस कार नंबर के आधार पर युवकों की तलाश कर रही है।

**नहर व बस स्टैंड...**

मिलने की सूचना दे दी गई है। वहीं थाना दादरी क्षेत्र के बस स्टैंड के पास एक युवक का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। काफी प्रयासों के बावजूद भी मृतक की पहचान नहीं हो पाई। थाना प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि उक्त युवक लावारिस हालत में घूमता रहता था और जहां जगह मिल जाती थी वहीं सो जाता था। मौत के कारणों का पता जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है साथ ही उसकी पहचान कराने का भी प्रयास किया जा रहा है।

**चचेरे भाइयों व...**

भाइयों ने उसके व्हाट्सएप पर धमकी वाले मैसेज व वॉइस रिकॉर्ड मैसेज भेजें।

पीड़ित के मुताबिक उसके चचेरे भाई उसकी जमीन को हथियाना चाहते हैं। इस कारण वह उसे आए दिन परेशान कर प्रताड़ित करते हैं थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है।

**गंगा स्नान के बाद...**

(110 वर्षीय) शंकर लाल ने अपने परिजनों से गंगा नहाने की इच्छा व्यक्त की। परिजन उन्हें गंगा स्नान के लिए अनूपशहर ले गए। गंगा स्नान के बाद शंकर लाल ने प्राण त्याग दिए। उसके बाद परिजन शव को उटरावली गांव ले आए। गांव में परिजन शंकर लाल के अंतिम संस्कार की तैयारी करने लगे। इस दौरान शंकर लाल के रिश्ते में नाती लगने वाले युवक ने मौत पर संदेह जताते हुए डॉयल-112 पर कॉल कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और अंतिम संस्कार को रुकवा दिया।

थाना रबूपुरा प्रभारी ने बताया कि डॉयल-112 से सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। वहीं यह पूरा मामला उटरावली गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है।

**आगरा-लखनऊ...**

रॉन्ग साइड पहुंच गई और फिर ट्रक से टकरा गई। हादसा आज (मंगलवार) तड़के हुआ। दोनों वाहनों की टक्कर के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। बस और ट्रक का अगला हिस्सा पूरा तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे का मंजर देख हर कोई सिहर उठा। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को रेस्क्यू किया।

**तीन किशोरियां...**

थाना ईकोटेक तीन क्षेत्र के कुलेसरा के डूब क्षेत्र की एक कॉलोनी से (17 वर्षीय) किशोरी 20 अप्रैल को घर से बिना बताए चली गई। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। घटना के समय किशोरी के माता-पिता ड्यूटी पर गए थे। इस संबंध में किशोरी की मां ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का कहना है कि उसकी बेटी एक फोन नंबर पर काफी बात करती थी। पीड़िता ने पुलिस को उक्त फोन नंबर भी उपलब्ध कराया है। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और लापता किशोरियों की जा रही है।

**शराब ठेके के सेल्समैन...**

बीते 31 मार्च को वह कारों की रिकवरी के लिए घूम रहे थे। देर रात्रि वह ठेके पर शराब खरीदने गए। ठेका बंद होने पर उन्होंने पास के कमरे में ही सो रहे सेल्समैन को जगा कर शराब देने को कहा। सेल्समैन ने शराब देने से मना कर दिया। इस पर उसने तथा उसके साथियों ने सेल्समैन की गोली मारकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए।

डीसीपी ने बताया कि पकड़े गए नाजिम पर कई मुकदमे पंजीकृत हैं। हत्या के मामले में लगातार वांछित चलने के कारण इस पर 25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था। इसके दो साथियों को पुलिस मुठभेड़ में पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।


**रेलयात्री : कृपया ध्यान दें!**

**महत्वपूर्ण जानकारी**

**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की सेवा अवधि का विस्तार**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा चलाई जा रही निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन रेलगाड़ियों की संचालन अवधि में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | आवृति/ चलने के दिन | विस्तार की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 07621 | हुजूर साहेब नांदेड | हजरत निजामुद्दीन | शनिवार | 04.05.2024 से 29.06.2024 |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | हुजूर साहेब नांदेड | रविवार | 05.05.2024 से 30.06.2024 |
| 02351 | पटना जं. | आनन्द विहार (ट) | प्रतिदिन | 23.04.2024 से 26.04.2024 |
| 02352 | आनन्द विहार (ट) | पटना जं. | प्रतिदिन | 24.04.2024 से 27.04.2024 |
| 03635 | गया | आनन्द विहार (ट) | प्रतिदिन | 23.04.2024 से 26.04.2024 |
| 03636 | आनन्द विहार (ट) | गया | प्रतिदिन | 24.04.2024 से 27.04.2024 |

नोट : अन्य विवरण पूर्ववत रहेगा।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

1206/24

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 | रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in | रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे — सदैव आपकी सेवा में — हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

पर हमें फॉलो करें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in

www.chetnamanch.com





# शादी के बीच दुल्हन के अपहरण का प्रयास, दूल्हे के घरवालों पर उड़ेला मिर्ची पाउडर

■ एजेंसी

हैदराबाद । आंध्र प्रदेश में शादी के जश्न के बीच तब कोहराम मच गया जब चचेरे भाइयों ने दुल्हन का अपहरण करने की कोशिश की। आरोप है कि विरोध करने पर उन्होंने दूल्हे के घरवालों और मेहमानों के चेहरे पर मिर्ची पाउडर भी उड़ेला। इस खौफनाक घटना का वीडियो भी सामने आया है। लड़की चिखती-चिल्लाती रही लेकिन, चचेरे भाइयों को उस पर जरा भी तरस नहीं आया। मामले में दूल्हे के घरवालों ने मुकदमा दर्ज करवाया है।

यह घटना आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले के कडियाम की बताई जा रही है। शादी के दौरान का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कार्यक्रम स्थल पर जब शादी की रस्म अदायगी हो रही थी तो इस बीच कुछ युवक आकर दुल्हन को घसीटकर अपने साथ ले जाने का प्रयास करते हैं। दूल्हे के परिवारवाले और मेहमान जब इसका विरोध करते हैं तो उन पर मिर्ची पाउडर डाला जाता है। दुल्हन खुद को बचाने की लाख कोशिश करती है, जमीन पर लोटती है लेकिन, युवकों का दिल नहीं पसीजता। वे उसे निर्दयता पूर्वक अपने साथ ले जाते हैं। इस दौरान दुल्हन रो रही है। हालांकि दूल्हे के घरवाले और दोस्त इस कोशिश को नाकाम कर देते हैं।

बताया जा रहा है कि दुल्हन का किडनैपिंग का प्रयास किसी और ने नहीं, उसके चचेरे भाइयों ने किया। बताया





जा रहा है कि दुल्हन के घरवाले शादी के विरोध में थे। इसलिए वह भागकर अपने पसंद के लड़के से शादी कर रही थी। घटना 21 अप्रैल की है। लड़की ने 13 अप्रैल को अपना घर-बार छोड़कर लड़के से मंदिर में शादी कर ली थी। 21 तारीख को दूल्हे के परिवारवाले औपचारिक विवाह करवा रहे थे, जिसमें बड़े पैमाने पर मेहमानों ने शिरकत की।

मिली जानकारी के अनुसार, स्नेहा और वेंकटानंदु की मुलाकात नरसरावपेट जिले के एक कॉलेज में हुई थी। दोनों पशु चिकित्सा विज्ञान में डिप्लोमा कर रहे थे। दोनों के बीच प्यार हुआ और प्यार हुआ और 13 अप्रैल को विजयवाड़ा के प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर में शादी कर ली। शादी के बाद, वह्व वेंकटानंदु के घर रहने लगी। इसके बाद परिवार के बुजुर्गों ने 21 अप्रैल को एक औपचारिक समारोह आयोजित करने का फैसला किया। स्नेहा के परिवार को भी सूचित किया गया और आमंत्रित किया गया था।

जब कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाएं चल रही थीं, स्नेहा की मां और अन्य रिश्तेदार - जिनकी पहचान पद्मावती, चरण कुमार, चंदू और नक्का भरत के रूप में हुई, ने अंदर घुसकर मेहमानों पर मिर्च पाउडर से हमला किया और उनकी बेटी का अपहरण का प्रयास किया। उधर, दूल्हे, उसके परिवार और उसके दोस्तों ने विरोध किया और अपहरण के प्रयास को विफल कर दिया। दूल्हे के रिश्तेदारों में से एक, वीरबाबू कथित तौर पर हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उन्हें राजामहेंद्रवरम सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मामले में कादियाम सर्कल इंस्पेक्टर बी तुलसीधर ने कहा, दूल्हा पक्ष की ओर से आपराधिक हमले, अपहरण के प्रयास और सोना चोरी का मामला दर्ज कराया है। हालांकि यह अभी नहीं पता चल पाया है कि स्नेहा के घरवाले शादी के खिलाफ क्यों हैं?

# वेंकैया नायडू समेत 5 हस्तियां पद्म विभूषण से सम्मानित

## मिथुन-उषा उथुप को पद्म भूषण

नईदिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज सोमवार को पद्म पुरस्कारों के लिए चुनी हुई हस्तियों को सम्मानित किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वर्ष 2024 के लिए 3 पद्म विभूषण, 7 पद्म भूषण और 55 पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सबसे पहले पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, बिंदेश्वर पाठक(मरणोपरांत) और साउथ एक्टर चिरंजीवी समेत 5 लोगों को पद्म विभूषण से सम्मानित किया। बिंदेश्वर पाठक की पत्नी अमोला पाठक ने पुरस्कार लिया। राष्ट्रपति ने फिल्म अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, पॉप गायिका उषा उत्थुप, उत्तर प्रदेश



के पूर्व राज्यपाल राम नाईक, डॉ. सीताराम जिन्दल, हृदय रोग विशेषज्ञ प्रो। तेजस मधुसूदन पटेल, दत्तात्रेय अंबादास मायालू और डॉ। चन्द्रेश्वर प्रसाद ठाकुर को पद्म भूषण प्रदान किया।

राष्ट्रपति ने इसके अलावा टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और असम के ओजपली लोक नर्तक द्रोण भुइयां सहित अन्य को पद्मश्री प्रदान किया। इस मौके पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अमित शाह सहित अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों में दिये जाते हैं। इनमें पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री शामिल हैं। ये पुरस्कार विभिन्न विषयों या क्षेत्रों में दिए जाते हैं। इनमें कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल और सिविल सेवा आदि शामिल हैं। पद्म विभूषण असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए, पद्म भूषण उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए और पद्म श्री किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए दिया जाता है। पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है।

# जिनके ज्यादा बच्चे हैं...पीएम मोदी ने कह दी ऐसी बात, भड़क गई कांग्रेस

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान की रैली में कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का मैनिफेस्टो कह रहा है कि वे आपकी मेहनत की कमाई उनको बांट देंगे, जिनके ज्यादा बच्चे हैं। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बात पर आपत्ति जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री अपने झूठ से एक बार फिर हिंदू और मुस्लिम को बांट रहे हैं। बांसवाड़ा की रैली में प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को अर्बन नक्सल बताते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग माताओं और बहनों के सोने का हिसाब लेंगे और फिर उसे बांट देंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा, पहले जब उनकी सरकार थी तो उन्होंने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। इसका मतलब ये संपत्ति इकट्ठा करके ये किसको बाटेंगे, जिनके ज्यादा बच्चे हैं उनको बांटेंगे। घुसपैठियों को बांटेंगे। क्या आपकी मेहनत की कमाई का पैसा घुसपैठियों क दिया जाएगा। आपको मंजूर है ये? ये कांग्रेस का मैनिफेस्टो कह रहा है। वो माताओं बहनों के सोने का हिसाब करेंगे, जानकारी लेंगे और उस संपत्ति को बांट देंगे। उनको बांटेंगे जिनको मनमोहन सिंह जी की सरकार ने कहा था कि संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पलटवार करते हुए राहुल गांधी ने कहा, पहले चरण के मतदान में निराशा हाथ लगने के बाद नरेंद्र मोदी के झूठ का स्तर इतना गिर गया है कि घबरा कर वह अब जनता को मुद्दों से भटकाना चाहते हैं। कांग्रेस के 'क्रांतिकारी मेनिफेस्टो' को मिल रहे अपार समर्थन के रुझान आने शुरू हो गए हैं। देश अब अपने मुद्दों पर वोट करेगा, अपने रोज़गार, अपने परिवार और अपने भविष्य के लिए वोट करेगा। भारत भटकेगा नहीं!

कई विपक्षी नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के स्पीच की क्लिप शेयर करके उनपर ध्रुवीकरण का आरोप लगाया है। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की 2006 की बात का जिक्र किया था जिसको लेकर तब भी बवाल हुआ था। इसके बाद पीएमओ की तरफ से स्पष्टीकरण दिया गया और कहा गया कि उनके बयान को गलत समझा गया है। डॉ। मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है और खासकर मुस्लिम अल्पसंख्यकों का।

# केजरीवाल के लिए राहत मांगना पड़ गया भारी, कोर्ट ने लगा दिया 75 हजार का जुर्माना

■ एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें अरविंद केजरीवाल के लिए सभी आपराधिक मामलों में अंतरिम जमानत की मांग की गई थी। कोर्ट ने ना सिर्फ इस जनहित याचिका को खारिज कर दिया बल्कि अर्जी लगाने वाले आवेदनकर्ता पर 75 हजार रुपए का जुर्माना भी लगा दिया।

दिल्ली हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर करके मांग की गई थी कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को सभी आपराधिक मामलों में असाधारण रूप से अंतरिम जमानत दे दी जाए। पीआईएल में कहा गया था कि केजरीवाल जब तक मुख्यमंत्री हैं या ट्रायल पूरा नहीं हो जाता है, उन्हें सभी मामलों में अंतरिम जमानत दे दी जाए। गौरतलब है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 21 मार्च को गिरफ्तार कर लिया गया था। वह इस समय न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

दिल्ली हाई कोर्ट में एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की बेंच ने याचिका को खारिज करते हुए कहा, अदालत ऊंचे पद पर बैठे शख्स के खिलाफ लंबित आपराधिक मामले में असाधारण अंतरिम जमानत नहीं दे सकती। कोर्ट के आदेश पर कोई न्यायिक हिरासत में है। सुप्रीम कोर्ट में चुनौती लंबित है। वह कदम उठा रहे हैं और उपायों का इस्तेमाल कर रहे हैं। कानून सबके लिए एक ही है। कोर्ट ने कहा, याचिकाकर्ता का लोगों का संरक्षक होने के दावे का कोई आधार नहीं है। याचिकाकर्ता के पास अरविंद केजरीवाल की ओर से कोई व्यक्तिगत बांड पेश करने के लिए कोई पावर ऑफ अटॉर्नी नहीं है। कोर्ट ने कहा कि केजरीवाल केजरीवाल के पास केस दायर करने के लिए साधन और संसाधन हैं और उन्होंने इस कोर्ट और सर्वोच्च अदालत में किया भी है। कोर्ट ने कहा कि पहले दायर की गई इसी तरह की याचिकाओं को भी खारिज किया गया था और 50,000 रुपए का जुर्मान लगाया गया था। दिलचस्प है कि केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील राहुल मेहरा ने भी याचिका का विरोध किया। उन्होंने इसे पब्लिसिटी स्टंट करार दिया। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि वह भारत के लोगों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और दिल्ली के लोगों के कल्याण को लेकर चिंतित हैं।

# शिकायतें का पिटारा ले चुनाव आयोग पहुंची कांग्रेस, पीएम मोदी के खिलाफ ऐक्शन की गुहार

नई दिल्ली। कांग्रेस ने सोमवार को निर्वाचन आयोग से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शिकायत की और एक विशेष समुदाय को निशाना बनाने का आरोप लगाया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी के नेतृत्व में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज निर्वाचन आयोग जाकर मुलाकात की और आयोग को 17 शिकायतों का एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में गुरदीप सिंह सप्पल और सुप्रिया श्रीनेत शामिल थीं। मुलाकात के बाद सिंघवी ने संवाददाताओं से कहा कि निर्वाचन आयोग को 17 शिकायतों का एक ज्ञापन सौंपा गया और इनपर उचित कार्रवाई की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने आयोग से पांच-छह शिकायतों पर विशेष रुप से विस्तृत चर्चा की है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री ने राजस्थान में जिस तरह एक समुदाय के लिए भद्दा वक्तव्य दिया, वह आचार संहिता का उल्लंघन है। चुनाव आयोग को इसपर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। इस बयान से देश के संविधान, प्रधानमंत्री पद, चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा हो गया है।

सिंघवी ने कहा, सबसे महत्वपूर्ण और पहली शिकायत प्रधानमंत्री जी की आपत्तिजनक टिप्पणियों से संबंधित है। दुर्भाग्य से, उनके खिलाफ आयोग में हमने जो बयान उद्धत किए हैं, वह गंभीर, हास्यास्पद और आपत्तिजनक हैं। हम उनसे (पीएम मोदी) हाथ जोड़कर प्रार्थना करते हैं कि वह अपने इस बयान को वापस लें और स्पष्टीकरण दें। हमने चुनाव आयोग से कहा है कि प्रधानमंत्री जी ने खुलकर एक समुदाय विशेष का नाम लिया है और उन्होंने खास धर्म के बारे में खुलकर बात की। इसके अलावा उन्होंने सांप्रदायिक बातें की जो स्पष्ट रूप से जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 123 का उल्लंघन है। ऐसा करने वाले व्यक्ति, चाहे जो भी हो, के खिलाफ शीघ्र और उचित कार्रवाई की जानी चाहिए।

# एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का डार्क सीक्रेट! शादी ही नहीं अंतिम संस्कार में जाने के लिए भी पैसे लेते हैं बॉलीवुड सितारे

■ एजेंसी

मुंबई। पूर्व बॉलीवुड अभिनेता और स्विस मिलिट्री वर्ल्डवाइड के एमडी अनुज साहनी ने मानव सुबोध के साथ मिलकर बिग स्मॉल टॉक नाओ शो में बॉलीवुड इंडस्ट्री के डार्क सीक्रेट का खुलासा किया है। उन्होंने जो बताया है उसपर यकीन करना काफी मुश्किल है। उनका कहना है कि बॉलीवुड के सितारे केवल पार्टियों, कॉन्सर्ट या शादियों में परफॉर्म करने के ही पैसे नहीं लेते, बल्कि वह अंतिम संस्कार में जाने के भी पैसे चार्ज करते हैं।

बॉलीवुड सितारे जहां पहुंचे वहां मीडिया खुद ब खुद पहुंच जाती है। फैंस स्टार्स को फिल्मों के अलावा जैसे पार्टियों में, बड़े-बड़े बिजनेसमैन की शादियों में, कॉन्सर्ट आदि में भी देखते हैं। इसके साथ ही अगर कोई मर जाता है तो उनके अंतिम संस्कार या प्रेयर मीट पर भी बॉलीवुड स्टार्स पहुंचते हैं। इसे लेकर अनुज साहनी ने बड़ा दावा किया है। उनका कहना है सितारे इसके लिए मोटी रकम चार्ज करते हैं।



अनुज साहनी ने बॉलीवुड के डार्क सीक्रेट के बारे में बात की

इसका वीडियो इंटरनेट पर वायरल भी हो रहा है। जिसमें अनुज कह रहे हैं, पता ये लगा कि एक जो बड़े स्टार्स होते हैं उनकी एक इनकम शादियों से होती है। वो शादियों में जाते हैं और डांस करते हैं। एक इनकी इनकम होती है अंतिम संस्कार और तेरहवीं में जाने पर। इस बारे में लोगों को पता ही नहीं होता।

सलमान खान, शाहरुख खान समेत कई बॉलीवुड स्टार्स को अंबानी की पार्टी में परफॉर्म करते हुए देखा जाता है। हालांकि अंबानी के प्रोग्राम में ये स्टार्स फ्री में परफॉर्म करते हैं, लेकिन पार्टियों या बड़ी शादियों में परफॉर्म करने के लिए अच्छी खासी फीस चार्ज करते हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो सलमान खान इस तरह के इवेंट्स के लिए 3 करोड़ लेते हैं।

दीपिका पादुकोण इवेंट्स में परफॉर्म करने के 1.5 करोड़ चार्ज करती हैं और रणवीर सिंह 1.75 करोड़ लेते हैं। रणबीर कपूर की फीस 1.5 करोड़ है और आलिया भट्ट भी इतना ही चार्ज करती हैं। वरुण धवन 1 करोड़, कटरीना कैफ 50 लाख, सिद्धार्थ मल्होत्रा 50 लाख लेते हैं। वहीं बात अगर पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ की करें तो वह 3 लाख रुपये एक परफॉर्मेंस के लेते हैं।

# लोकसभा चुनाव में प्रचंड गर्मी से मतदान पर पड़ रहा असर हरकत में आया चुनाव आयोग: टास्क फोर्स का गठन

■ एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान हो चुका है। 19 अप्रैल को मतदाताओं में अरुचि ने चुनाव आयोग को चिंता में डाल दिया है। इसलिए भी क्योंकि पहले चरण में गर्मी उतनी ज्यादा नहीं थी, फिर भी बड़ी संख्या में मतदान नहीं हुआ। ऐसे में आगामी दिनों में जब मौसम विभाग ने प्रचंड गर्मी और लू की चेतावनी जारी की है। आने वाले 6 चरणों में बड़ी संख्या में वोट डलवाना चुनाव आयोग के लिए बड़ी चुनौती है। ऐसे में सोमवार को आयोग ने मौसम विभाग के अधिकारियों के साथ मीटिंग की है। हीटवेव और उमस के प्रभाव को देखते हुए एक टास्क फोर्स का गठन किया है, जो प्रत्येक चरण के मतदान से पांच दिन पहले समीक्षा करेगा।

ऐसी रिपोर्ट सामने आई है कि पहले चरण के मतदान में काफी कम संख्या में लोग वोट डालने पहुंचे। पहले चरण का मतदान प्रतिशत 62 प्रतिशत के आसपास रहा। आगामी 26 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान के लिए, चुनाव आयोग ने कहा है कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सूचित किया है कि इस दिन हीटवेव को लेकर कोई बड़ी चिंता नहीं है और मौसम का पूर्वानुमान सामान्य है। हालांकि मौसम अधिकारियों के साथ बैठक में चुनाव आयोग ने टास्क फोर्स का गठन किया है।



चुनाव आयोग ने कहा कि मतदान को सफल बनाने और अधिक से अधिक संख्या में लोग मतदान करने पहुंचे। इसके लिए टास्क फोर्स का गठन किया है। टास्क फोर्स में चुनाव पैनल का अधिकारी, आईएमडी अधिकारी, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अधिकारी शामिल होंगे।

**मतदान केंद्रों पर पर्याप्त सुविधाएं हों-** इसके अलावा चुनाव निकाय ने स्वास्थ्य मंत्रालय को मतदान के दौरान किसी भी विकट स्थिति से निपटने की तैयारी के लिए आवश्यक निर्देश दिए। मतदान केंद्रों के लिए टेंट, पीने के पानी, पंखे और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा है। मतदान से पहले राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के साथ एक अलग समीक्षा बैठक आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया है।

चुनाव आयोग ने मतदान केंद्रों वाले क्षेत्रों में गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए एहतियाती उपायों (क्या करें और क्या न करें) के बारे में जनता के बीच जागरूकता फैलाने के भी निर्देश दिए हैं। आदेश में कहा गया है, आयोग मौसम रिपोर्टों की बारीकी से निगरानी कर रहा है और मतदान कर्मियों, सुरक्षा बलों, उम्मीदवारों और राजनीतिक दल के नेताओं के साथ-साथ मतदाताओं की सुविधा भी सुनिश्चित करेगा।

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 26 अप्रैल को दूसरे चरण के बाद 7, 13, 20, 25 मई और 1 जून को मतदान होगा। सभी 543 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

# बीवी की लाश उठते ही बेटी संग बाप करने लगा पाप, 6 साल में 2 बार किया प्रेग्नेंट

मोदीनगर (गाजियाबाद)। दिल्ली से सटे गाजियाबाद के मोदीनगर की एक कॉलोनी में एक वहशी पिता द्वारा अपनी सगी नाबालिग बेटी के साथ छह साल तक दुष्कर्म करने का शर्मनाक मामला सामने आया है। पिता की इस हरकत की जानकारी भाई और चाचा-ताऊ सभी को थी। पीड़ित लड़की की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। मोदीनगर की एक कॉलोनी निवासी एक युवती मोदीनगर थाने पहुंची और थाना प्रभारी के सामने रोने लगी। महिला पुलिस कर्मियों ने जब उससे रोने का कारण पूछा तो उसने बताया कि उसकी मां की वर्ष 2018 में मौत हो गई थी। मां की मौत के अगले दिन से ही उसके पिता ने उसके साथ दुष्कर्म करना शुरू कर दिया। युवती ने बताया कि वह एक बार गर्भवती हो गई थी और इसकी जानकारी भाई, चाचा और ताऊ को दी, लेकिन सभी ने उसे ही चुप कराकर उसका गर्भपात करा दिया। इसके बाद भी पिता लगातार उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। युवती का आरोप है कि अब वह दोबारा से तीन माह की गर्भवती है। 16 अप्रैल को पिता ने एक बार फिर से उसके साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं उसे 18 अप्रैल को घर से मारपीट कर निकाल दिया। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि पीड़ित लड़की की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर आरोपी पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस गहनता से इस मामले की जांच कर रही है। पुलिस अन्य आरोपियों भाई, चाचा और ताऊ की तलाश कर रही है। लड़की का यह भी आरोप है कि पिता ने उसके बाल कटवा दिए थे जिससे वो घर से बाहर न जाए। घर में पिता के अलावा सिर्फ छोटा भाई रहता है। उसे इस घिनौनी हरकत की पूरी खबर थी, लेकिन वह चुप रहता था। सबूत के लिए लड़की ने रेप की वीडियो बनाकर अपने रिश्तेदारों को दिखाई, लेकिन सब चुप रहे। इसलिए पुलिस ने एफआईआर में लड़की के भाई, चाचा, ताऊ को भी आरोपी बनाया है। वहीं, एक अन्य मामले में गाजियाबाद के वेव सिटी थानाक्षेत्र में 15 वर्षीय किशोरी के साथ युवक द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पास के मोहल्ले से कुरान शरीफ पढ़कर घर लौट रही किशोरी को आरोपी युवक एक कमरे में ले गया और जबरन दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# कर्नाटक में महिला से दरिंदगी: पत्नी के सामने किया रेप, इस्लाम धर्म अपनाने का डाला दबाव

■ एजेंसी

बेंगलुरु। कर्नाटक में एक जबरन धर्मांतरण कराए जाने का मामला सामने आया है। एक महिला ने बलात्कार के आरोप लगाए हैं और साथ ही कहा है कि निजी तस्वीरों के सहारे ब्लैकमेल कर इस्लाम अपनाने के लिए दबाव डाला जा रहा है। फिलहाल, पीड़िता ने पुलिस के पास एक कपल समेत 7 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। जांच जारी है।

28 वर्षीय विवाहित महिला की तरफ से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट के अनुसार, महिला ने आरोप लगाए हैं कि एक युवक ने उसकी ही पत्नी के सामने बलात्कार किया। साथ ही बुर्का पहनने और माथे पर कुमकुम नहीं लगाने का भी दबाव बनाया। आरोपी की पहचान रफीक के तौर पर हुई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, रफीक और उसकी पत्नी ने महिला को बहला फुसला कर उसके साथ यौन संबंध बनाए। इसके बाद आरोपी ने उसकी निजी तस्वीरें लीं, जिनकी मदद से उसे बार-बार धमकाता भी रहा। आरोपी की मांग थी कि महिला हिंदू धर्म छोड़कर इस्लाम अपना ले। रिपोर्ट में पुलिस के हवाले से बताया गया है कि रफीक और उसकी पत्नी महिला को साल 2023 में बेलगावी स्थित अपने घर भी ले आए थे।

पुलिस ने बताया कि दोनों ने महिला से उनकी बात मानने की मांग की थी। महिला ने आरोप लगाए हैं कि रफीक ने बीते साल पत्नी के सामने उसका रेप किया था। रिपोर्ट के अनुसार, बेलगावी एसपी भीमशंकर गुलेदा ने बताया है कि कथित तौर पर जोड़े ने महिला को पांच बार नमाज पढ़ने, बुर्का पहनने और कुमकुम नहीं लगाने के लिए मजबूर किया था।

**पति को तलाक देने के लिए कहा** - खबर है कि महिला ने अपनी शिकायत में बताया है कि रफीक ने महिला को उसके पति को तलाक देने के लिए भी कहा था। साथ ही कहा था कि अगर वह नहीं मानती है, तो उसकी निजी तस्वीरें लीक कर देगा। पुलिस ने एससी/एसटी एक्ट समेत कई धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# मां-बाप-भाई को खत्म करने के लिए दी 65 लाख की सुपारी, संपत्ति के लिए रची हत्या की साजिश

■ एजेंसी

बंगलुरु। कर्नाटक के गडग-बेटागेरी में बीजेपी नेता प्रकाश बकाले के परिवार के 4 सदस्यों की हत्या की गुत्थी सुलझा ली गई है। पुलिस ने इस मामले में बीजेपी नेता के बड़े बेटे विनायक बकाले सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। उसने ही अपने पिता प्रकाश, मां सुनंदा और भाई कार्तिक को खत्म करने के लिए एक अपराधी को 65 लाख रुपए की सुपारी दी थी। बताया जा रहा है कि परिवार में संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था।

जानकारी के मुताबिक, चार लोगों की हत्या की ये सनसनीखेज वारदात 19 अप्रैल की है। विनायक बकाले ने अपने मां-बाप और भाई की हत्या की सुपारी फिरोज़ खाज़ी (29) नामक कॉन्ट्रैक्ट किलर की दी थी। जानकारी के अनुसार इस दौरान ये भी समझौता हुआ था कि तीनों की हत्या के बाद घर से लूटा गया सारा माल फिरोज ले लेगा। तय साजिश के तहत फिरोज अपने गैंग के साथियों के साथ प्रकाश बकाले के घर में दाखिल हुआ था।

उसे बताया गया था कि घर में केवल तीन लोग ही मौजूद है। उसने उसी के हिसाब से पूरी साजिश रची थी। लेकिन कार्तिक की शादी तय होने की वजह से उसके कुछ रिश्तेदार और संपर्क के लोग भी घर में आए हुए थे। हमलावरों को देखते ही प्रकाश शोर मचाने लगे। उसे सुनकर लोग एकत्रित होने लगे। इससे घबड़ाए बदमाश अंधाधुंध गोलीबारी करते वहां से भाग निकले।

इस वारदात में प्रकाश और सुनंदा तो अलग कमरे में होने की वजह से बच गए, लेकिन बेटा कार्तिक बदमाशों की गोलियों का शिकार हो गया। उसके साथ तीन अन्य लोग भी वारदात में मारे गए।

पुलिस के मुताबिक, गडग के दशहरा ओनी में हुई इस गोलीबारी में कार्तिक (27), परशुराम हादिमानी (55), लक्ष्मी हादिमानी (45) और आकांक्षा हादिमानी (16) की हत्या कर दी गई। प्रकाश बकाले और सुनंदा बकाले बाल-बाल बच गए। कार्तिक बीजेपी नेता प्रकाश बकाले की दूसरी पत्नी सुनंदा बकाले का बेटा था। वो गडग-बेटागेरी सिटी नगर परिषद का उपाध्यक्ष भी था। उसका अपने सौतेले भाई विनायक से संपत्ति विवाद चल रहा था।

इस वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि घर में आभूषण, कीमती सामान और नकदी सुरक्षित हैं।

इसके बाद पुलिस को संदेह हुआ कि इस वरदात के पीछे का मकसद डकैती नहीं बल्कि कुछ और था। इसके बाद पूरे मामले की विस्तृत जांच की गई। इस दौरान पुलिस को संपत्ति विवाद के बारे में पता चला।

पुलिस ने जब विनायक बकाले से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने पूरे मामले का खुलासा कर दिया। पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि विनायक प्रकाश बकाले (35), फ़िरोज़ खाज़ी (29), जिशान खाज़ी (24), साहिल अशफाक खाजी (19), सोहेल अशफाक खाजी (19), सुल्तान जिलानी शेख (23), महेश जगन्नाथ सालुंके (21) और वहीद लियाकत बेपारी (21) को महाराष्ट्र के सांगली के मिराज और गडग से गिरफ्तार किया गया है।

चेन्नई सुपरकिंग्स-लखनऊ सुपर जायंट्स

# कैसी होगी चेन्नई की पिच, किसका होगा जलवा

**चेन्नई।** आईपीएल 2024 में अब चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम फिर से अपने होम ग्राउंड पर वापसी करने जा रही है। टीम अब 23 अप्रैल को एलएसजी यानी लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेलने के लिए उतरेगी। ये मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम पर खेला जाएगा। इसके लिए दोनों टीमें तैयार हैं। इस बीच काफी लंबे अर्से बाद एक बार फिर से चेन्नई में मुकाबला खेला जाना है। ऐसे में क्या चेन्नई की पिच में कुछ बदलाव देखने के लिए मिलेगा, ये हम आपको बताएंगे और ये भी जानेंगे के सीएसके और एलएसजी के बीच जो मैच हुए हैं, उसमें ज्यादा बार बाजी किस टीम ने मारी है।



## एलएसजी बनाम सीएसके हेड टू हेड

▪ लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम इस साल अपना तीसरा ही सीजन खेल रही है, इसलिए दोनों टीमों के बीच अब तक ज्यादा मैच नहीं हुए हैं। अब तक खेले गए चार मैचों में से दो बार एलएसजी ने बाजी मारी है, वहीं एक मैच सीएसके ने अपने नाम किया है। एक मैच का रिजल्ट नहीं आ सका था। यानी इस हिसाब से देखें तो एलएसजी सीएसके पर भारी पड़ती दिख रही है। इस साल भी दोनों टीमें एक बार आमने सामने आ चुकी हैं। तब 19 अप्रैल को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में दोनों की भिड़ंत हुई थी। उस मैच में लखनऊ ने 8 विकेट से बड़े आराम से मैच अपने नाम किया था।

## मोइन अली बनाम कलाई की स्पिन

▪ IPL 2023 में मोइन अली सात बार जो आउट हुए थे सभी में स्पिन गेंदबाजी का योगदान था। वहीं लेग ब्रेक गेंदबाजों पर वह पांच बार जबकि बायें हाथ के कलाई के स्पिनर पर वह एक बार आउट हुए। जबकि एक अन्य विकेट ऑफ़ स्पिनर सुनील नारायण ने लिया था। पिछले मैच में मोइन ने रवि बश्निोई पर 18वें ओवर में तीन छक्के लगाए थे लेकिन अगली ही गेंद पर वह बाउंड्री पर लपके गए थे। यह छोड़ी सी जंग दिखाती है कि पिछले छह सीजन में मोइन का इरादा लेग स्पिनरों पर हिट करने का है जहां उन्होंने कलाई के स्पिनरों पर रन तो बनाए हैं लेकिन विकेट भी गंवाए हैं।

## क्या चेपॉक का किला तोड़ पाएगी एलएसजी

▪ मेहमान टीम के लिए जीत में मुश्किल खड़ी करने के मामले में वानखेड़े ने जरूर एमए चिदंबरम स्टेडियम को हाल के वर्षों में पछाड़ दिया है। लेकिन IPL के इतिहास में चेन्नई का मैदान कुलमिलाकर मेहमान टीमों के लिए सबसे बड़ी चुनौती रहा है, क्योंकि मेहमान टीम का जीत का प्रतिशत यहां पर केवल 27.4% है। मौजूदा LSG दल में क्रुणाल पंड्या के सबसे बेहतरीन आंकड़े हैं, जहां पर उन्होंने 10 मैचों में 7.4 के इकॉनमी से छह विकेट लिए हैं, जबकि निकोलस पूरन ने यहां पर तीन मैचों में 193 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं।

## एमएस चिदंबरम स्टेडियम चेन्नई की पिच रिपोर्ट

▪ अगर चेन्नई की पिच के बारे में बात करें तो ये तेज गेंदबाज और स्पिनर्स के लिए बराबर की मददगार हो सकती है। वैसे तो चेन्नई की पिच स्पिनर्स के लिए ज्यादा मुफीद होती है, लेकिन चुंकि पिछले कुछ वक्त से यहां मैच नहीं खेले गए हैं, इसलिए हो सकता है कि घास उग आई हो, जो पेसर्स की मदद कर सकती है। हालांकि यहां पर बॉल बैट पर सीधे आसानी से नहीं आती, इसलिए बल्लेबाज ज्यादा बड़े शॉट नहीं खेल पाते हैं। वहीं अगर टॉस की बात करें तो जो भी टीम टॉस जीतेगी, संभावना है कि पहले गेंदबाजी का फैसला कर सकती है, क्योंकि टारगेट का पीछा करना यहां कुछ आसान होता है।

## संभावित टीमें इस प्रकार

**लखनऊ सुपर जाइंट्स की टीमः** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पांड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, अरशद खान।

**चेन्नई सुपरकिंग्स की टीमः** महेंद्र सिंह धोनी, डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, अरावेली अवनीश, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शार्दुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिजवी।


## आरसीबी के खिलाफ बीसीसीआई का सख्त रुख



**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। एक तरफ टीम को लगातार हार का सामना करना पड़ रहा है, वहीं अब दूसरी ओर बीसीसीआई ने टीम के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए सजा सुनाई है। आरसीबी को केकेआर के खिलाफ हुए मुकाबले में स्लो ओवर रेट का दोषी पाया गया है, जिस वजह से बीसीसीआई ने कप्तान फाफ डुप्लेसी पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। टीम की यह इस सीजन की पहली गलती है जिस वजह से यह जुर्माना सिर्फ कप्तान पर लगा है, अगर आगे इस तरह की गलती होती है तो पूरी टीम पर जुर्माना लगाया जाएगा। बीसीसीआई के अनुसार, 'रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डु प्लेसिस पर 21 अप्रैल 2024 को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मैच 36 के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद जुर्माना लगाया गया है।' चूंकि न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीजन का पहला अपराध था। डुप्लेसी पर 12 लाख का जुर्माना लगाया गया।

# बीसीसीआई ने सैम करन को ठोका जुर्माना

## ▸▸ पंजाब किंग्स के कप्तान को डबल झटका



**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के कार्यवाहक कप्तान सैम करन को डबल झटका लगा है। पहले उनकी टीम को आईपीएल के 37वें मैच में गुजरात टाइटंस (जीटी) के हाथों हार का सामना करना पड़ा और फिर बीसीसीआई ने तगड़ा जुर्माना ठोक दिया। उनपर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगा है।

दरअसल, करन ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन किया है। उन्होंने गुजरात के खिलाफ मुकाबले के दौरान एक गलती की थी। उन्होंने अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाई थी। करन ने लेवल एक का अपराध किया। बीसीसीआई के मुताबिक, सैम कुरन पर गुजरात के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। करन ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के तहत लेवल 1 का अपराध किया। उन्होंने अपराध और मैच रेफरी की सजा स्वीकार कर ली है।

आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है। मैच की बात करें तो पंजाब को मुल्लांपुर के स्टेडियम में 3 विकेट से करीबी हार मिली। पीबीकेएस ने 143 रन का लक्ष्य रखा, जिसे गुजरात की टीम ने पांच गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। इंग्लिश ऑलराउंडर सैम करने बतौर ओपनर उतरे। उन्होंने 19 गेंदों में 2 चौकों की मदद से 20 रन की पारी खेली। उन्होंने दो ओवर डाले और 18 रन खर्च किए। करन ने एक विकेट चटकाया। पंजाब की ओर से सर्वाधिक रन प्रभसिमरन सिंह (35) ने बनाए। गुजरात के लिए राहुल तेवतिया (नाबाद 36), कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन (31) ने अहम पारी खेली। पंजाब ने मौजूदा सीजन में आठ मैचों में से 6 गंवा दिए हैं। पीबीकेएस पॉइंट्स टेबल में नौवें स्थान पर है। नियमित कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण पिछले कई मैचों में नहीं खेले हैं।

ओलंपिक कोटा हासिल करने के बाद विनेश बोली

# अगले चार महीनों में वजन प्रबंधन करना चुनौती होगी

**बिश्केक (किर्गिस्तान)।** पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर राहत महसूस कर रही भारतीय पहलवान विनेश फोगाट का मानना है कि पेरिस खेलों की तैयारी के लिए 50 किग्रा के सबसे निचले वर्ग में अपना वजन बनाए रखना उनके लिए चुनौतीपूर्ण होगा। विनेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालिफायर में शानदार प्रदर्शन करते लगातार तीसरा ओलंपिक कोटा देश को दिलाया। वह भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के विरोध के कारण लगभग डेढ़ साल तक नियमित अभ्यास और खेल से दूर रही। इस दौरान अंतिम पंघाल ने 53 किग्रा वर्ग में कोटा स्थान हासिल कर लिया। विनेश लंबे समय से इसी भार वर्ग में चुनौती पेश करती रही हैं। उनके पास ओलंपिक कोटा सुनिश्चित करने के लिए वजन वर्ग बदलने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। विनेश ने 50 किग्रा वर्ग में कोटा सुनिश्चित करने के बाद कहा, 'मुझे अपने वजन का बेहतर तरीके से प्रबंधन करना होगा। मैंने इतने लंबे समय के बाद अपने वजन को कम कर 50 किग्रा तक किया है इसलिए मैं इसे जितना संभव हो उतना बनाए रखने की कोशिश करूंगी।



# भारत के पूर्व टेस्ट बल्लेबाज ने इंग्लैंड में जड़ा दोहरा शतक, बनाए नाबाद 202 रन

**नॉर्थेप्टनशायर।** विटैलिटी काउंटी चैंपियनशिप में ग्लमॉर्गन के खिलाफ करूण नायर के नाबाद दोहरे शतक की बदौलत नॉर्थेप्टनशायर ने मैच पर अपनी स्थिति मजबूत पकड़ बना ली है। भारत के पूर्व टेस्ट बल्लेबाज करूण ने 253 गेंद में नाबाद 202 रन बनाए। उनके दोहरे शतक के बाद टीम ने 334 रनों की बढ़त के साथ छह विकेट पर 605 रन पर पारी घोषित की। नायर ने छठे विकेट के लिए सैफ जैब के साथ 212 रनों की साझेदारी की। इस दौरान जैब ने भी अपने इस सत्र का पहला शतक बनाया। इसके अलावा सलामी बल्लेबाज रिकार्डर वासकॉनसेलोस ने भी 182 रनों की बेहतरीन पारी खेली। मेहमान टीम ने दिन का खेल समाप्त होने तक 104 रन पर तीन विकेट गंवा दिए है और ग्लमॉर्गन अभी भी 230 रन पीछे हैं। एक समय मेजबान टीम 82 रन पर पांच विकेट गंवाकर संकट में थी ऐसे समय में नायर ने 55 रनों के साथ तीसरे दिन की शुरुआत की और जैब ने उनका अच्छा साथ दिया। नायर लगातार ग्लमॉर्गन के गेंदबाजों के प्रति आक्रामक रहे और अपने करियर में तीसरी बार दोहरा शतक लगाया। मेजबान टीम ने तुरंत पारी घोषित कर दी।

# डी गुकेश की सफलता पर पीएम मोदी ने दी बधाई, देश-विदेश से भी मिल रही बधाइयां





टोरंटो में प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर अपना नाम इतिहास में दर्ज कराने वाले ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को पीएम मोदी ने दी बधाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें भावी विश्व चैंपियन बताया है। बता दें कि, गुकेश ने अमेरिका के हिकारू नकामूरा से आखिरी दौर में ड्रॉ खेलकर टूर्नामेंट जीता और 17 वर्ष की उम्र में सबसे युवा विश्व चैलेंजर भी बन गए।

वह यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीतने वाले विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे भारतीय बन गए। पांच बार के विश्व चैम्पियन आनंद ने 2014 में खिताब जीता था। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा कि, भारत को फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने डी गुकेश पर गर्व है।

उन्होंने गुकेश की तस्वीर साथ में पोस्ट करते हुए लिखा कि, टोरंटो में हुए टूर्नामेंट में गुकेश की शानदार उपलब्धि उनकी असाधारण प्रतिभा और समर्पण की द्योतक है। उनके असाधारण प्रदर्शन और शीर्ष तक के सफर से लाखों को प्रेरणा मिलेगी। वहीं विश्वनाथनआनंद ने एक्स पर लिखा कि, डी गुकेश को सबसे युवा चैलेंजर बनने पर बधाई। आपकी उपलब्धि पर गर्व है। मुझे निजी तौर पर तुम पर बहुत गर्व है जिस तरह से तुमने कठिन हालात में खेला। इस पल का मजा लो।

चैम्पियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने लिखा कि, क्या शानदार जीत। सत्रह बरस की उम्र में फिडे कैंडिडेट्स जीतने वाला सबसे युवा खिलाड़ी। यहां से अब विश्व चैम्पियनशिप का सफर और हर कदम पर हम तुम्हारे साथ हैं। जाओ इतिहास रच दो। इंग्लैंड के ग्रैंडमास्टर डेविड होवेल ने कहा कि गुकेश के खिलाफ पहला मुकाबला खेलने के बाद ही उन्हें पता चल गया था कि अपार प्रतिभा का धनी यह खिलाड़ी बड़ी उपलब्धियां अर्जित करेगा।

उन्होंने लिखा कि, गुकेश को कैंडिडेट्स जीतने पर बधाई। क्या शानदार टूर्नामेंट रहा। मैं पहले ही मुकाबले से जानता था कि वह खास है। वह 12 वर्ष की उम्र में ग्रैंडमास्टर बन चुका था। उसकी विश्लेषण क्षमता, परिपक्व रवैया और गणना के कौशल से मैं काफी प्रभावित हूं। भावी विश्व चैम्पियन। पूर्व विश्व चैम्पियन और रूसी ग्रैंडमास्टर ब्लादीमिर क्रामनिक ने लिखा , %%गुकेश को बधाई और फेबि, इयान को शानदार प्रदर्शन के लिये खास पुरस्कार। सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक। सभी जांबाजों को बधाई। जिस तरह से उन्होंने खेला, वही सबसे अहम है।''

महिला वर्ग में दूसरे स्थान पर रही भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने लिखा ,'' डी गुकेश को सबसे युवा चैलेंजर बनने पर बधाई।'' द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच रामाचंद्रन रमेश ने कहा ,'' युवा डी गुकेश को कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने पर बधाई। प्रेरक प्रदर्शन। पूरे देश को तुम पर गर्व है।

**प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर अपना नाम इतिहास में दर्ज कराने वाले ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को पीएम मोदी ने दी बधाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें भावी विश्व चैंपियन बताया है। बता दें कि, गुकेश ने अमेरिका के हिकारू नकामूरा से आखिरी दौर में ड्रॉ खेलकर टूर्नामेंट जीता।**


बालाजी कन्सट्रक्शन कम्पनी



शॉप नं0 14, ओम कॉम्प्लेक्स, नया बॉस, सेक्टर–15, नोएडा (गौतमबुद्धनगर)

फोन– 0120– 2321857

मो0– 9811082962

# हनुमान जी की 8 सिद्धियां और 9 निधियां

## अष्टसिद्धि नौ निधि के दाता, अस बर दीन जानकी माता...

**हनुमान चालीसा की एक चौपाई में प्रभु श्रीराम के भक्त हनुमान जी को अष्टसिद्धि और नौ निधि के दाता के रूप में बताया गया है। जीवन की हर कष्ट से मुक्ति पाने के लिए रोजाना हनुमान चालीसा का पाठ करना बेहद लाभकारी माना गया है। धार्मिक मान्यता है कि हनुमान जी की पूजा-आराधना करने से अष्ट सिद्धियों और नौ निधियों की प्राप्ति होती है। गोस्वामी तुलसीदास ने भी हनुमान चालीसा के माध्यम से हनुमान बल, बुद्धि और पराक्रम का वर्णन किया है।**

हिंदू धर्म में हर साल चैत्र माह की पूर्णिमा तिथि पर हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। पंचांग के अनुसार, इस साल 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव है। इस विशेष दिन हनुमान जी की विधिवत पूजा-उपासना का बड़ा महत्व है। हनुमान चालीसा की एक चौपाई में प्रभु श्रीराम के भक्त हनुमान जी को अष्टसिद्धि और नौ निधि के दाता के रूप में बताया गया है। जीवन की हर कष्ट से मुक्ति पाने के लिए रोजाना हनुमान चालीसा का पाठ करना बेहद लाभकारी माना गया है। धार्मिक मान्यता है कि हनुमान जी की पूजा-आराधना करने से अष्ट सिद्धियों और नौ निधियों की प्राप्ति होती है। गोस्वामी तुलसीदास ने भी हनुमान चालीसा के माध्यम से हनुमान बल, बुद्धि और पराक्रम का वर्णन किया है।



### हनुमान जी की अष्ट सिद्धियां

- **अणिमा सिद्धि :** इस सिद्धि के सहारे हनुमान जी अति सूक्ष्म रूप धारण कर सकते हैं।
- **महिमा सिद्धि :** मान्यता है कि इस सिद्धि से हनुमान जी हनुमान जी विशाल रूप धारण कर सकते हैं। हनुमान जी ने समुद्र पार करते समय सुरसा राक्षसी के सामने और अशोका वाटिका में माता सीता के समक्ष महिमा सिद्धि का उपायोग किया था।
- **गरिमा सिद्धि :** इस सिद्धि के बदौलत हनुमानजी स्वंय का भार किसी विशाल पर्वत के समान कर सकते हैं।
- **लघिमा सिद्धि :** इस सिद्धि से हनुमान जी स्वंय का भार बिल्कुल हल्का कर लेते हैं। पलभर में वे कहीं भी विचरण कर सकते हैं।
- **प्राप्ति सिद्धि :** इस सिद्धि के सहारे हनुमान जी पशु-पक्षियों की भाषा समझ सकते हैं। आने वाले समय को देख लेते हैं।
- **प्राकाम्य सिद्धि :** इस सिद्धि की मदद से हनुमान जी पृथ्वी से पाताल तक की गहराईयों का अनुमान लगा सकते हैं। आकाश में उड़ सकते हैं। मनचाहे समय तक पानी में जीवित रह सकते हैं।
- **ईशीत्व सिद्धि :** इस सिद्धि की मदद से हनुमान जी को दैवीय शक्तियां प्राप्त हुई थीं। मान्यता है कि इसे पाने वाला ईश्वर समान पूजनीय माना जाता है।
- **वाशित्व सिद्धि :** मान्यता है कि इस सिद्धि के प्रभाव से हनुमान जी पशु,पक्षी और मनुष्य किसी को भी वश में करके अपने मन के मुताबिक कार्य करवा सकते हैं। इसके प्रभाव से हनुमानजी जितेंद्रिय है और मन पर नियंत्रण रखते हैं।

### हनुमान जी की नौ निधियां

- **पद्म निधि :** मान्यता है कि इस निधि से संपत्र व्यक्ति सात्विक होता है। हनुमान जी के ऐसे भक्त को जीवन में कभी भी धन-धान्य की कमी नहीं होती है। ऐसे लोग बहुत उदारवादी होते हैं और दान-पुण्य के कार्यों में रुचि रखते हैं।
- **महापद्म निधि :** पद्म निधि की तरह महा पद्म निधि से संपन्न व्यक्ति सात्विक होता है। लेकिन यह केवल 7 पीढ़ियों तक प्रभावी रहता है। इस निधि से संपन्न व्यक्ति दान-पुण्य के कार्यों में विश्वास रखते हैं और 7 पीढ़ियों तक सुख-समृद्धि और खुशहाली में जीवन गुजारते हैं।
- **नील निधि :** मान्यता है कि नील निधि में सत्व और जन दोनों गुण होते हैं। इस निधि का प्रभाव केवल 3 पीढ़ियों तक रहता है।
- **मुकुंद निधि :** मुकंदु निधि से सुशोभित व्यक्ति में रजोगुण होता है। इस निधि से संपन्न व्यक्ति का मन राज्य संग्रह में लगा रहता है। एक पीढ़ी के बाद यह निधि समाप्त हो जाती है।
- **नंद निधि :** नंद निधि से युक्त व्यक्ति रज और तम दोनों गुणों वाला होता है। यह निधि साधक को दीर्घायु और उन्नति प्रदान करती है।
- **मकर निधि :** मान्यता है कि मकर निधि संपन्न व्यक्ति अस्त्र-शस्त्र का संग्रह करने वाला होता है। ऐसे जातक का शत्रुओं पर प्रभुत्व रहता है। राजा और प्रशासन में काफी प्रभाव रखता है।
- **कच्छप निधि :** कच्छप निधि का व्यक्ति तामस गुण वाला होता है। ऐसे लोग धन छिपाकर रखते हैं। वह न स्वंय उसका उपयोग करते हैं और न ही दूसरों को करने देते हैं।
- **शंख निधि :** शंख निधि प्राप्त करने वाला व्यक्ति भोग और विलास की इच्छा रखता है। ऐसे लोग खूब धन कमाते हैं, लेकिन घर में दरिद्रता का वास रहता है।
- **खर्व निधि :** कहा जाता है कि खर्व निधि से युक्त व्यक्ति में अन्य 8 निधियों का मिश्रण होता है। ऐसे निधि से संपन्न व्यक्ति के कार्यों और स्वभाव के बारे में अनुमान नहीं लगाया जा सकता है।

# हनुमान जन्मोत्सव को जयंती कहना ही सही है

**हनुमानजी का जन्म का दिन जयंती के रूप में ही बताया गया है। यंती का अर्थ होता है जिसकी विजय पताका निरंतर लहराती रहती है। जिसकी सर्वत्र जय जय है। जिनका यश, जिनका जय, जिनका विजय अक्षुण है और नित्य है, सदा विद्यमान है।**

हनुमान जी के जन्मदिन को वर्षों से जयंती की कहा जा रहा है परंतु वर्तमान में लोग इस बात में जोर दे रहे हैं कि हनुमानजी के जन्म दिन को जयंती कहना छोड़कर जन्मोत्सव कहें। इसके पीछे तर्क यह ? दिया जा रहा है कि जयंती तो उसकी मनाते हैं जिसका देहांत हो गया हो। हनुमानजी तो अजर अमर है इसलिए उनकी जयंती नहीं जन्मोत्सव मनाते हैं। हालांकि इस तर्क में कितना दम है यह जानना भी जरूरी है। **जयं पुण्यं च कुरुते जयन्तीमिति तां विदुः**- (स्कन्दमहापुराण, तिथ्यादितत्त्व)

अर्थात जो जय और पुण्य प्रदान करे उसे जयन्ती कहते हैं। जयंती का अर्थ होता है जिसकी विजय पताका निरंतर लहराती रहती है। जिसकी सर्वत्र जय जय है। जिनका यश, जिनका जय, जिनका विजय अक्षुण है और नित्य है, सदा विद्यमान है। जयंती महापुरुषों और भगवानों की ही होती है। नश्वर शरीर धारियों के लिए जयंती नहीं है। जिनकी कीर्ति, यश, सौभाग्य, विजय निरंतर हो और जिसका नाश न हो सके उसे जयंती कहते हैं। आदिशक्ति महामाया जगतजननी का नाम भी जयंती है।

हनुमानजी का जन्म का दिन जयंती के रूप में ही बताया गया है.-

जयंतीनामपूर्वोक्ता हनूमज्जन्मवासरः तस्यां भक्त्या कपिवरं नरा नियतमानसाः।
जपंतश्चार्चयंतश्च पुष्पपाद्यार्घ्यचंदनैः धूपैर्दीपैश्च नैवेद्यैः फलैर्ब्राह्मणभोजनैः।
समंत्रार्घ्यप्रदानैश्च नृत्यगीतैस्तथैव च तस्मान्मनोरथान्सर्वान्लभंते नात्र संशयः॥

हनुमान के जन्म का दिन जयंती नाम से बताया गया है। इस दिन भक्तिपूर्वक, मन को वश में करके, पुष्प, अर्घ्य चंदन से, धूप, दीप से, नैवेद्य से, फलों से, ब्रह्मणों को भोजन कराने से, मंत्रपूर्वक अर्घ्य प्रदान करने से तथा नृत्यगीता आदि से कपिश्रेष्ठ का जप, अर्चना करते हुए मनुष्य सभी मनोरथों को प्राप्त करते हैं, इसमें कोई संशय नहीं है।

कृष्ण जन्मोत्सव या जयंती ?

कृष्णजन्माष्टमी को कृष्णजन्मोत्सव भी कहते हैं। किन्तु जब यही अष्टमी अर्धरात्रि में पहले या बाद में रोहिणी नक्षत्र से युक्त हो जाती है तब इसकी संज्ञा कृष्ण जयन्ती हो जाती है-

रोहिणीसहिता कृष्णा मासे च श्रावणेऽष्टमी।
अर्द्धरात्रादधश्चोर्ध्वं कलयापि यदा भवेत्।
जयन्ती नाम सा प्रोक्ता सर्वपापप्रणाशिनी ।।

और इस जयन्ती व्रत का महत्त्व कृष्णजन्माष्टमी अर्थात् रोहिणीरहित कृष्णजन्माष्टमी से अधिक शास्त्रसिद्ध है। इससे यह सिद्ध हो गया कि जयन्ती जन्मोत्सव ही है। योगविशेष में जन्मोत्सव की संज्ञा जयन्ती हो जाती है। यदि रोहिणी का योग न हो तो जन्माष्टमी की संज्ञा जयन्ती नहीं हो सकती-

चन्द्रोदयेऽष्टमी पूर्वा न रोहिणी भवेद् यदि।
तदा जन्माष्टमी सा च न जयन्तीति कथ्यते॥

अयोध्या में हनुमानजी की जयंती ही मनाते हैं.-

अयोध्या में श्रीरामानन्द सम्प्रदाय के सन्त कार्तिक मास में स्वाती नक्षत्रयुक्त कृष्णपक्ष की चतुर्दशी को हनुमान् जी महाराज की जयन्ती मनाते हैं-

स्वात्यां कुजे शैवतिथौ तु कार्तिके कृष्णेऽञ्जनागर्भत एव मेषके। श्रीमान् कपीट्प्रादुरभूत् परन्तपो व्रतादिना तत्र तदुत्सवं चरेत् ॥

इसलिए हनुमज्जयन्ती नाम शास्त्रप्रमाणानुमोदित ही है। हनुमान जी की कीर्ति, यश, विजय पताका, भक्ति, ज्ञान, विज्ञान, जय निरंतर और नित्य है, इसलिए इनकी जयंती मनाई जाती है। जयंती का प्रयोग मुख्यत. किसी घटना के घटित होने के दिन की, आगे आने वाले वर्षों में पुनरावृत्ति को दर्शाने के लिए करते हैं। जैसे रजत जयंती, स्वर्ण जयंती, हीरक जयंती।

**अन्य भगवानों की भी जयंती ही मनाते हैं.-**



यदि हम इस प्रकार से सोचने लगे तो फिर नृसिंह भगवान, वामन भगवान और मत्स्य अवतार के प्रकटोत्सव को भी क्या जन्मोत्सव कहें, जबकि अब तक हम कहते आए हैं- नृसिंह जयंती, वामन जयंती, मत्स्य जयंती इत्यादि। भगवान के सभी अवतारों की जयंती मनाई जाती है।

जयंती मृत्यु से नहीं, उनके नित्य, सदा विद्यमान, अक्षुण, कभी न नष्ट होने वाली कीर्ति और जयत्व के कारण मनाई जाती है। जन्मोत्सव साधारण से लोगों का मनाया जाता है और जयंती महान लोगों और दिव्य पुरुषों की मनाई जाती है।

साभार-पूज्य आचार्य सियारामदास नैयायिक जी महाराज

# आज हनुमान जयंती : पूजा के लिए 1 घंटे 34 मिनट का है शुभ मुहूर्त

**राम नवमी के 6 दिन बाद हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया जाता है। मान्यता है इसी दिन हनुमान जी का जन्म हुआ था। हनुमान जयंती के दिन पूरी श्रद्धा के साथ हनुमान जी, भगवान श्री राम और माता सीता की आराधना करने से जातक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो सकती है।**

हर साल चैत्र महीने की पूर्णिमा तिथि के दिन हनुमान जयंती मनाई जाती है। राम नवमी के 6 दिन बाद हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया जाता है। मान्यता है इसी दिन हनुमान जी का जन्म हुआ था। हनुमान जयंती के दिन पूरी श्रद्धा के साथ हनुमान जी, भगवान श्री राम और माता सीता की आराधना करने से जातक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो सकती है। आइए जानते हैं हनुमान जयंती की पूजा के शुभ मुहूर्त, मंत्र, भोग, रंग, पुष्प, और आरती-

### हनुमान जयंती पूजा मुहूर्त

जगन्नाथ मंदिर के पंडित सौरभ कुमार मिश्रा ने बताया कि हनुमान जी पूजन का शुभ मुहूर्त सुबह 06.06 मिनट से 07.40 मिनट तक का है। इस



दिन का अभिजित मुहूर्त दोपहर 12.02 से दोपहर 12.53 तक है। यह दिन हनुमान जी का जन्म उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

### मंत्र- ॐ हनु हनु हनु हनुमते नमः

**भोग-** हनुमान जी को केले, बेसन या बूंदी के लड्डुओं का भोग लगाना शुभ रहेगा।

**प्रिय पुष्प व रंग-** हनुमान जयंती के दिन पूजा के समय लाल या पीले रंग के वस्त्र पहनना अत्यंत शुभ रहेगा। वहीं, हनुमान जी का प्रिय रंग लाल माना जाता है। इसलिए प्रभु को लाल गुलाब के फूल और माला चढ़ाएं।

### पूजा-विधि

मंगलवार के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और लाल रंग के साफ सुथरे कपड़े पहन लें। इसके बाद बजरंगबली को लाल रंग के पुष्प अर्पित करें, सिंदूर में चमेली का तेल मिलाकर चोला चढ़ाएं, चना, गुड़ और नारियल भी चढ़ाएं। प्रभु को बेसन के लड्डू या फिर बूंदी के लड्डू का भोग लगा सकते हैं। इसके बाद घी का दीपक जलाएं और सुंदरकांड या हनुमान चालीसा का पाठ करें। इसके बाद आरती करें और व्रत रखने का संकल्प लें। हनुमान जी के साथ-साथ प्रभु श्री राम और माता सीता की भी उपासना करें। अंत में क्षमा प्रार्थना करें।

**उपाय-** पैसों से जुड़ी दिक्कतों को दूर करने के लिए हनुमान जी के साथ माँ लक्ष्मी की पूजा करें। पूर्णिमा पर चंद्र देव को अर्घ्य दें।

### हनुमान जी की आरती

आरती कीजै हनुमान लला की। दुष्ट दलन रघुनाथ कला की।
आरती कीजै हनुमान लला की। दुष्ट दलन रघुनाथ कला की।।
जाके बल से गिरिवर कांपे। रोग दोष जाके निकट न झांके।
अंजनि पुत्र महाबलदायी। संतान के प्रभु सदा सहाई।।
आरती कीजै हनुमान लला की। दुष्ट दलन रघुनाथ कला की।।
दे बीरा रघुनाथ पठाए। लंका जारी सिया सुधि लाए।
लंका सो कोट समुद्र सी खाई। जात पवनसुत बार न लाई।
आरती कीजै हनुमान लला की। दुष्ट दलन रघुनाथ कला की।।
लंका जारि असुर संहारे। सियारामजी के काज संवारे।
लक्ष्मण मूर्छित प? सकारे।आनि संजीवन प्राण उबारे।
आरती कीजै हनुमान लला की। दुष्ट दलन रघुनाथ कला की।।
पैठी पाताल तोरि जमकारे। अहिरावण की भुजा उखारे।
बाएं भुजा असुरदल मारे। दाहिने भुजा संत जन तारे।
आरती कीजै हनुमान लला की। दुष्ट दलन रघुनाथ कला की।।
सुर-नर-मुनि जन आरती उतारें। जय जय जय हनुमान उचारें।
कंचन थार कपूर लौ छाई। आरती करत अंजना माई।
आरती कीजै हनुमान लला की। दुष्ट दलन रघुनाथ कला की।।
लंकविध्वंस कीन्ह रघुराई। तुलसीदास प्रभु कीरति गाई।
जो हनुमानजी की आरती गावै। बसी बैकुंठ परमपद पावै।
आरती कीजै हनुमान लला की। दुष्ट दलन रघुनाथ कला की।

# शहर से भी प्राचीन है कोलकाता राजा कटरा का पंचमुखी हनुमान मंदिर

शीर्षक पढ़ने, कहने या सुनने में भले ही कुछ अटपटा लगे, लेकिन यह है बिल्कुल सही। कोलकाता के ह्रदय स्थल कहे जाने बड़ाबाजार के राजा कटरा इलाके में एक मंदिर है, जिसकी आयु शहर यानी कोलकाता से भी अधिक है। इतिहास के पन्नों को खंगालने से जहां यह ज्ञात होता है कि 1686 में कोलकाता शहर अस्तित्व में आया वहीं राजा कटरा हनुमान मंदिर के पुजारीगण के मुताबिक करीबन 353 साल पहले यानी 1671 में राजा कटरा में हनुमान मंदिर बना और इस मंदिर में हनुमानजी की ऐसी दिव्य व भव्य मूर्ति स्थापित की गई, जिसके पांच मुंह हैं। पांच मुंह होने के कारण कालांतर में यह मंदिर पंचमुखी हनुमान मंदिर के नाम से चर्चित और प्रसिद्ध हुआ। पंचमुखी हनुमान मंदिर के प्रति लोगों की आस्था इसी बात से जाहिर होती है कि यहां रोजाना सैकड़ों, मंगलवार व शनिवार को हजारों और हनुमान जन्मोत्सव (चैत्र पूर्णिमा) के दिन दर्शन को आने वाले भक्तों की संख्या लाखों में होती है। मंदिर पुजारी महेश शर्मा ने बताया कि उनको लेकर यह नौवीं पीढ़ी है, जो राम भक्त हनुमान की सेवा व आराधना के अलावा मंदिर के संचालन और रख-रखाव में लगी है। पुजारीजी का दावा है पंचमुखी हनुमान भक्तजनों की हर मुरादें और मन्नतें पूरी करते हैं। एक सवाल के जवाब में पुजारीजी ने बताया कि पंचमुखी हनुमान के प्रति लोगों के विश्वास का इसी बात से पता चल जाता है कि इच्छा पूर्ति पर मंदिर का श्रृंगार करवाने के लिए भक्तों को अपनी पारी के इंतजार में कई-कई सप्ताह (मंगलवार व शनिवार) रुकना पड़ता है।



पूरी आन-बान-शान से सिर उठाए खड़ी इस भव्य मूर्ति को देखकर भक्तों के मन में भी ये सवाल उठना लाजिमी है कि भला संकटमोचन का ये कैसा रूप है ? इस बाबत मंदिर के पुजारीगण कहते हैं कि राजा कटरा के इस पंचमुखी हनुमान मंदिर में मौजूद बजरंगबली का ये रूप उस समय की याद दिलाता है जब राम और लक्ष्मण का हरण कर अहिरावण उन्हें पाताल लोक ले गया था। कहते हैं कि तब हनुमानजी ने पंचमुखी रूप धारण किया था। उक्त भव्य व कलात्मक मूर्ति के उत्तर दिशा में वाराह मुख, दक्षिण दिशा में नरसिंह मुख, पश्चिम दिशा में गरुड़ मुख, आकाश में हेग्रीव मुख और पूर्व दिशा में हनुमान मुख है। इन पांच मुखों को धारण कर बजरंगबली ने अहिरावण का न केवल वध किया, बल्कि अपने आराध्य को मुक्त भी कराया था। इस हनुमान दरबार में भक्त नारियल और पेड़े का प्रसाद चढ़ाकर अपनी मनोकामनाओं की विनती करते हैं। सिंदुरी चोले से प्रसन्न होने वाले हनुमान इस मंदिर में केवल नारियल व पेड़े के चढ़ावे से ही प्रसन्न हो जाते हैं।

स्थापनाकाल से आज तक भक्तों का यह अटूट विश्वास है कि कोई यात्रा शुरू करने से पहले या कोई भी नया काम आरंभ करने से पहले अगर पंचमुखी हनुमान का आशीर्वाद ले लिया जाए तो यात्रा के पूर्ण व काम के सफल होने की गारंटी मिल जाती है।

मान्यता है कि राजा कटरा का यह मंदिर हनुमानजी की इच्छानुसार ही भक्तों ने बनवाया था, शायद इसलिए मंदिर के मूलभूत ढांचे में आजतक कोई बदलाव नहीं किया गया है। कहते हैं हनुमानजी के इस दरबार में सालभर भक्तों का तांता लगा रहता है, जिसकी शुरुआत सुबह पांच बजे होने वाली आरती के साथ होती है और भक्तों के मंदिर में आने का यह सिलसिला रात 11 बजे तक इसी तरह चलता रहता है। दोपहर को बारह से तीन बजे तक मंदिर के पट बंद रहते हैं, हालांकि हनुमान जन्मोत्सव वाले दिन मंदिर दोपहर को भी खुला रहता है। पंचमुखी हनुमान का यह मंदिर अपनी विशालता और ऊंचाई की वजह से तो जाना ही जाता है, साथ ही अपने चमत्कारों और मान्यताओं की वजह से भी देशभर के भक्तों को अपनी ओर खींचता है। यहां आने पर भक्तों की न केवल अधूरी इच्छाएं पूरी होती है, बल्कि हनुमानजी के बारे में करीब से जानने का मौका भी मिलता है।

**-शंकर जालान**

# मानुषी को 'बड़े मियां छोटे मियां' के लिए खाना पड़ा नॉन वेज



फिल्मों के लिए आपने एक्टर्स को अपने लुक्स और बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन करते देखा होगा, लेकिन मानुषी छिल्लर ने तो कुछ ऐसा किया जिसके बारे में उन्होंने कभी सोचा नहीं होगा। मानुषी जो हाल ही में फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में नजर आई हैं, ने बताया कि वह बचपन से वेजीटेरियन थीं और कभी नहीं सोचा कि वह नॉन वेज खाएंगी, लेकिन फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' ने उन्हें वेजिटेरियन से नॉनवेजिटेरियन बना दिया। मानुषी ने कहा, 'मैं हमेशा से वेजिटेरियन थी। मैंने हमेशा सोचा कि मैं कभी मीट नहीं खा पाऊंगी क्योंकि मैंने कभी खाया ही नहीं। इसके बाद आई 'बड़े मियां छोटे मियां'। मैं किसी और फिल्म की शूटिंग कर रही थी और उस वक्त मुझे कोविड हो गया था। मैं काफी डर गई थी कि क्योंकि मैं नहीं चाहती थी कि मेरा वजन कम हो क्योंकि मुझे इस फिल्म के लिए स्ट्रॉन्ग बनना था। मेरे पापा जो डॉक्टर हैं उन्होंने फिर मुझे मीट खाने को बोला।' मानुषी ने कहा, 'मैंने पापा से कहा कि कुछ ऐसा बनाओ जो चिकन जैसा ना लगे। वह टेबल पर बैठते थे और मुझे देखते थे। वह जबरदस्ती मुझे पूरा खाने को बोलते थे।' मानुषी ने बताया कि कैसे इस ट्रांसफॉर्मेशन ने उनकी मदद भी की शूटिंग में। उन्होंने कहा, 'हमने फिल्म की शूटिंग जोर्डन, स्कॉटलैंड, लंदन और स्कॉटलैंड में शूटिंग की और कई जगह में तो वेजिटेरियन ऑप्शन भी नहीं था तो इस वजह से मीट मेरे लिए आसान सोर्स था प्रोटीन के लिए।' 'बड़े मियां छोटे मियां' फिल्म की बात करें तो इसमें मानुषी के साथ अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, अलाया फर्नीचरवाला अहम किरदार में थे। वहीं सोनाक्षी सिन्हा का कैमियो था। फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई नहीं हो रही है। अब तक फिल्म ने 11 दिन में 55.55 करोड़ की कमाई कर ली है।

# 'इमली' की शूटिंग के दौरान साई केतन राव का एक्सीडेंट

टीवी सीरियल इमली के लीड एक्टर साई केतन राव शूटिंग के दौरान जख्मी हो गए। गश्मीर महाजनी और सुंबुल तौकीर खान के सीरियल को अलविदा कहने के बाद साई केतन राव ने इस शो की कमान संभाली थी और धीरे-धीरे ही सही लेकिन शो की टीआरपी में भी काफी सुधार आया है। एक इंटरव्यू में साई केतन राव ने बताया है कि उन्हें यह चोट कैसे लगी और उनकी हालत अभी कैसी है। दरअसल वह एक चलती हुई बस पर शूटिंग कर रहे थे जब अचानक सामने एक पेड़ आ जाने से एक्सीडेंट हुआ। राव ने बताया, "मैं चलती हुई बस की छत पर एक शूटिंग कर रहा था और इस दौरान अदरिजा राव से बात कर रहा था, जो कि सीरियल में इमली का किरदार निभा रही हैं। जब बस चल रही थी तभी सामने एक पेड़ आ गया और उसकी डाली मेरे चेहरे पर लगी। तकलीफ के मारे मेरी हालत खराब हो गई। मेरी आंख के पास माथे की बगल में चोट लगी है और खरोंचें आई हैं। पेड़ की डालियां बस की हाइट पर ही थी जिसकी वजह से एक्सीडेंट हो गया। साई केतन राव ने बताया कि प्रोडक्शन टीम ने बहुत अच्छा काम किया और मुझे फर्स्ट एड प्रोवाइड करवाया। कुछ वक्त के लिए शूटिंग रोक दी गई। उनकी हेल्प और सपोर्ट का बहुत-बहुत शुक्रिया। कुछ देर बाद बेहतर महसूस होने पर मैं शूटिंग पर वापस लौट आया।



# डिश टीवी भी लाया 'डिशटीवी स्मार्ट+' टीवी और ओटीटी एकसाथ

डिश टीवी ने भारत में मनोरंजन अनुभव को फिर से परिभाषित करने के लिए एक अच्छी पहल की है। अग्रणी डीटीएच प्रदाता ने अपनी इस पहल में अपने अभूतपूर्व प्रस्ताव 'डिश टीवी स्मार्ट'+ सर्विसेज की घोषणा की है। यह लॉन्च इस इंडस्ट्री में एक नया उदाहरण स्थापित कर रहा है, जो ग्राहकों को किसी भी स्क्रीन पर, कहीं भी, बिना किसी अतिरिक्त लागत के टीवी और ओटीटी दोनों कॉन्टेंट तक अपनी पहुंच प्रदान करता है। इस इवेंट में राधिका मदान हाल ही में बतौर गेस्ट एक इवेंट में शामिल हुईं। इस दौरान एक्ट्रेस बेहद ही शानदार लुक कैरी किए इवेंट का हिस्सा बनीं. साथ ही एक्ट्रेस ने अपने स्टाइल और स्माइल दोनों से वहां मौजूद लोगों का दिल जीता. 'डिश टीवीस्मार्ट+' सर्विसेज' के साथ, सभी डिश टीवी और डी2एच ग्राहक, जिनमें नए और मौजूदा ग्राहक भी शामिल हैं, अपने चुने हुए टीवी सब्सक्रिप्शन पैक के साथ लोकप्रिय ओटीटी ऐप्स का आनंद भी ले सकते हैं। 'डिश टीवी स्मार्ट+' सर्विसेज पारिस्थितिकी तंत्र वॉचो-द ओटीटी सुपरऐप, सेट-टॉप बॉक्स सहित स्मार्ट उपकरणों और स्मार्ट एंड्रॉयड एसटीबी के माध्यम से किसी भी स्क्रीन पर, कहीं भी, कभी भी अपना मनोरंजन कर सकते हैं। डिश टीवी इन उपकरणों में अपनी सेवाओं को सहजता से एकीकृत करने के लिए शीर्ष (टॉप) टीवी और मोबाइल मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) के साथ भी सहयोग करेगा, जिससे सभी उपयोगकर्ता को भरपूर अनुभव मिलेगा। नए प्रस्ताव पर टिप्पणी करते हुए, डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के सीईओ, मनोज डोभाल ने




कहा, ''अपनी स्थापना के बाद से, डिश टीवी ने मनोरंजन उपभोग परिदृश्य को बदल दिया है, लोगों को अपने पसंदीदा कॉन्टेंट का आनंद लेने के लिए कई नई चीजों को पेश किया गया। इस नए प्रस्ताव के साथ, हम व्यापक और सुलभ मनोरंजन अनुभवों के लिए एक नया मानक स्थापित करते हुए और भी बड़ा बदलाव लाने के लिए तैयार हैं। 'डिश टीवी स्मार्ट+' सर्विसेज का लॉन्च सिर्फ एक प्रस्ताव से कहीं अधिक का प्रतिनिधित्व करता है; यह भारत में मनोरंजन की खपत को फिर से परिभाषित करने की दृष्टि का प्रतीक है, जो स्मार्ट और बड़ी होती जा रही है। विकल्पों से भरे इस बाजार में, ग्राहक अक्सर खुद को अभिभूत महसूस करते हैं। हमारा लक्ष्य समग्र और संपूर्ण मनोरंजन समाधान पेश करके उनकी पसंद को सरल बनाना है।



# कास्टिंग काउच का शिकार हो चुकी मनीषा


'बिग बॉस ओटीटी 2' फेम और झलक दिखला जा 11 की विनर मनीषा रानी आज एक जाना माना नाम हैं। मनीषा बिग बॉस के बाद काफी सुर्खियों में आ गई हैं। इस शो से उन्हें इंडस्ट्री में एक नई पहचान मिली है। बिग बॉस के बाद झलक की ट्रॉफी ने मनीषा की पॉपुलैरिटी में चार चांद लगा दिए हैं। मनीषा के एक के बाद एक कई म्यूजिक वीडियोज आ रहे हैं। वहीं, बीते दिनों उनका और एल्विश यादव का झगड़ा भी काफी चर्चा में रहा। इसी बीच अब बिहार की रानी मनीषा ने खुद को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। एक बार वो कैसे बिग बॉस के नाम पर कास्टिंग काउच का शिकार होते-होते बच गई थीं। मनीषा रानी ने हाल ही में इंटरव्यू में बताया कि वो कास्टिंग काउच का शिकार हो चुकी हैं और वो भी बिग बॉस के नाम पर। 'एक बार वो एक शख्स से मिली थी जिसने उन्हें बताया था कि वो बिग बॉस की टीम का है। मनीषा ने उससे कॉन्टैक्ट बनाया और उसका नंबर लिया। इसके बाद मनीषा ने उसे अपने डांस वीडियोज शेयर किए। उस शख्स ने मनीषा को बड़े सपने दिखाए उनसे वादा किया कि वो उन्हें बिग बॉस में ले जाएगा।' मनीषा ने बताया, 'मैं एक बार जब 4-5 दिनों के लिए अपने घर बिहार गई थी। उसी टाइम उसने मुझे फोन किया और बोला कि तुमको कलर्स में नहीं जाना, तुमको बिग बॉस नहीं करना, घर जा के बैठ गई हो, तुम अभी आ जाओ मुंबई। उसकी बात सुनने के बाद मैं तुरंत टिकट करा कर मुंबई आई की मेरा तो बिग बॉस होने वाला है।




# 'दे दे प्यार दे 2' में अजय देवगन के ससुर के किरदार में नजर आएंगे अनिल कपूर

अजय देवगन, रकुल प्रीत सिंह और तब्बू स्टारर साल 2019 में आई फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' को ऑडियंस की तरफ से अच्छा रिस्पोंस मिला था। अब मेकर्स ने इसके सीक्वल की शूटिंग की तैयारी शुरू कर दी है। खास बात ये है कि इस फिल्म में अनिल कपूर के नाम का तड़का लगाया गया है जो मज़ेदार होने वाला है। अनिल कपूर ने स्क्रिप्ट सुनते ही अपने रोल के लिए हां कह दिया था। इस फिल्म में उनका रोल बेहद जबरदस्त होने वाला है। साल 2019 आई 'दे दे प्यार दे 2' में अजय और रकुल प्रीत की अनोखी लव स्टोरी ने ऑडियंस को इम्प्रेस किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने में कामयाब भी हुई थी। पहले पार्ट में अजय देवगन अपनी बीवी और बच्चों से अपने प्यार रकुल की मुलाकात करवाते हैं। लेकिन सीक्वल में कहानी रकुल के परिवार के इर्द-गिर्द घूमने वाली है। फिल्म राइटर हिमेश ने अपने सूत्र से ये जानकारी दी है कि 'दे दे प्यार दे 2' में अजय देवगन के किरदार को रकुल के परिवार को मनाते हुए दिखाया जायेगा। सबसे खास है कि इस सीक्वल में अनिल कपूर, अजय देवगन के होने वाले ससुर यानी रकुल के पिता के किरदार में नज़र आएंगे। दोनों के बीच जबरदस्त केमिट्री दिखाई जाएगी जिसमें दामाद और ससुर की उम्र के फर्क को हाईलाइट किया जाएगा।

# दीपिका और रणवीर सिंह को 'रामलीला' के लिए मुझे धन्यवाद देना चाहिए : करीना कपूर





संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित फिल्म 'रामलीला' 2015 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म ने घरेलू और दुनिया भर में करोड़ों रुपये की कमाई की। फिल्म में दीपिका पादुकोण और रणवीर कपूर मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म के बाद से ही दीपिका और रणवीर के रिश्ते की चर्चा होने लगी थी। इस फिल्म से ही दोनों की डेटिंग की चर्चा होने लगी थी। लेकिन संजय लीला भंसाली ने फिल्म 'रामलीला' के लिए दीपिका से पहले करीना कपूर से पूछा। लेकिन उन्होंने इस फिल्म को मना कर दिया। आखिर उन्होंने फिल्म के लिए मना क्यों किया? चलो पता करते हैं... हाल ही में करीना ने बीबीसी एशिया को इंटरव्यू दिया। करीना ने 'रामलीला' ठुकरा दी थी, इसलिए दीपिका और रणवीर सिंह को उनका शुक्रिया अदा करना चाहिए था। ऐसा उन्होंने इंटरव्यू में कहा है। करीना कपूर खान ने एक इंटरव्यू में कहा, 'मैंने फिल्म 'रामलीला' ठुकरा दी थी, इसलिए दीपिका और रणवीर सिंह को मुझे धन्यवाद देना चाहिए था। मैं भाग्य में विश्वास करती हूं। मेरा मानना है कि जीवन में जो कुछ भी होता है, वह हमारे साथ किसी भी तरह से हो सकता है। सब कुछ किस्मत है। लेकिन हर चीज़ हर किसी के लिए नहीं लिखी जाती है। ये बात एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में कही है।

> संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित फिल्म 'राम लीला' 2015 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म ने घरेलू और दुनिया भर में करोड़ों रुपये की कमाई की। फिल्म में दीपिका पादुकोण और रणवीर कपूर मुख्य भूमिका में थे।

निर्देशक संजय लीला भंसाली ने रामलीला से पहले देवदास के लिए ऐश्वर्या राय से पहले करीना कपूर को कास्ट किया था। डायरेक्टर ने उनका स्क्रीन टेस्ट भी लिया। इतना ही नहीं उस फिल्म के लिए करीना को एडवांस पैसे भी दिए गए थे। लेकिन बाद में फिल्म में ऐश्वर्या को कास्ट कर लिया गया। इस वजह से करीना निर्देशक संजय लीला भंसाली से बेहद नाराज थीं। एक पुराने इंटरव्यू में करीना ने कहा था, 'अगर मेरे पास कोई फिल्म नहीं भी होगी तो भी मैं संजय भंसाली के साथ काम नहीं करूंगी।' करीना कपूर खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो करीना कपूर आखिरी बार फिल्म 'क्रू' में नजर आई थीं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जोरदार कमाई की है। अब इस फिल्म के बाद करीना 'सिंघम अगेन' में नजर आएंगी। फिल्म में उनके साथ करीना कपूर खान, अजय देवगन, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, श्वेता तिवारी, अक्षय कुमार, विक्की कौशल, टाइगर श्रॉफ जैसे मल्टीस्टार कलाकार नजर आएंगे।



# भिलाई में नजर आएंगे नोएडा जैसे पिंक टॉयलेट

## भिलाई नगर निगम की टीम ने किया नोएडा में स्वच्छता सर्वेक्षण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** छत्तीसगढ़ के भिलाई नगर निगम के अधिकारियों की टीम ने सोमवार को नोएडा क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस टीम में संजय शर्मा, अधीक्षण अभियंता एवं हरीश ठाकुर, कंस्लटेंट पीएमयू और एसयूडीए उपस्थित रहे। टीम द्वारा नोएडा प्राधिकरण के कार्यालय में एसपी सिंह, उपमहाप्रबंधक, जन स्वास्थ्य के साथ बैठक की। इस मौके पर डीजीएम ने उन्हें प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे स्वच्छता संबंधी कार्यों व योजनाओं की जानकारी दी और परियोजनाओं का स्थल भ्रमण भी कराया।




सबसे पहले टीम द्वारा नोएडा के सीएंडडी प्लांट का भ्रमण किया गया। इस प्लांट पर नोएडा के समस्त क्षेत्र का कंस्ट्रक्शन मलबा एकत्रित कर लाया जाता है। यहां वैट प्रोसेसिंग पद्धति से मलबे से विभिन्न डस्ट, स्टोन डस्ट, स्टोन फाइन डस्ट, स्टोन कोर डस्ट, ग्रेट, ग्रेवल आदि तैयार किये जाते है जिनको पुन: इंटरलॉकिंग टाइल, कर्व स्टोन व अन्य सीमेन्ट कंकरिट बनाने में प्रयोग किया जाता है। इस प्लान्ट के द्वारा वैज्ञानिक पद्धति से को पुन: उपयोगी बनाया जाता है।

उक्त के पश्चात टीम द्वारा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न टॉयलेट, पिंक टॉयलेट का निरीक्षण किया गया। नोएडा में सार्वजनिक शौचालय 103, सामुदायिक शौचालय 78, पिंक शौचालय 16 एवं यूरिनल ब्लॉक 119 संचालित किये जा रहे है। तत्पश्चात टीम द्वारा बायोमिथेनाईजेशन प्लान्ट का निरीक्षण किया गया। वर्तमान में 03 बायोमिथेनाईजेशन प्लान्ट, 07 कम्पोस्ट प्लान्ट विभिन्न आरडब्ल्यूए और एओए के माध्यम से संचालित कराये जा रहे है जिससे वेट वेस्ट को गैस बनाने एवं खाद बनाने में प्रयोग किया जा रहा है।

इसके बाद सेक्टर-94 स्थित आईएसटीएमएस परियोजना के अंतर्गत चौराहों पर लगाये गये कैमरों से स्वत: चालान जारी करने की प्रक्रिया एवं किसी भी आपातकालीन स्थिति में इमरजेंसी कॉल बोक्स सिस्टम के प्रयोग करने के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। नौएडा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर लगे कैमरों से कमाण्ड कन्ट्रोल सेन्टर में स्थित वीडियो वॉल से की जा रही निगरानी के सम्बन्ध में भी जानकारी ली गई। यही पर आईसीसीसी देखा। इस मौके पर टीम ने नोएडा के स्वाच्छता और पिंक टायलेट मॉडल को भिलाइ में लागू करने की इच्छा जताई।



**सोच फाउंडेशन की ट्रस्टी वंदना गुप्ता ने हाजीपुर गांव में सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा के लिए जनसंपर्क कर उन्हें विजयी बनाने के लिए ग्रामीणों का आह्वान किया। इस मौके पर मनोज बैसोया, शैलेश कुमार, विनोद नागर, आकाश अवाना, कमल प्रधान, शीशराम चपराना, नरेंद्र राणा, पंडित रमेश पाठक, सुदेश गुप्ता, प्रशांत शर्मा, बिंदर बैसोया, दीपक बंसल, अमन अवाना, मोनू चपराना, सोनू चपराना, दिनेश तंवर, सनी तंवर, शिवम अवाना,रौनक अवाना आदि मौजूद थे।**

# चुनाव के लिए 2500 बसों व 3400 हल्के वाहनों का अधिग्रहण पूरा : डीएम

## डीएम ने अधिग्रहण न होने पर मुकदमा दर्ज करने के दिये आदेश

**नोएडा ( चेतना मंच )।** लोकसभा चुनाव के लिए जिला प्रशासन द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-160 के अंतर्गत 2500 बसों एवं 3400 हल्के वाहनों का अधिग्रहण के आदेश से किया गया है।



खबर लिखे जाने तक 240 मिनी बस, 320 बस का लॉग बुक बनाकर फ्यूल की पर्ची दी जा चुकी है। बस की आवश्यकता लगभग पूरी हो चुकी है। चुनाव में कुल 560 बस मतदान कर्मियों को बूथ तक ले जाने एवं वापस लाने के लिए लगेंगी, जिन्हें फूल मंडी फेस-2, नोएडा से रवाना किया जायेगा। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार समस्त अधिग्रहीत भारी वाहनों को उनके स्वामी द्वारा कल आज शाम 4 बजे तक दिया जाना है।

इसके अलावा निर्वाचन में ड्यूटी जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट के प्रयोग के लिए कुल 210 हल्के वाहन (जीप कार) का प्रयोग किया जाना है। पुलिस बल के प्रयोग के लिए 402 हल्के वाहन, 36 मध्यम वाहन एवं 28 भारी वाहनों का प्रयोग किया जाना है। पुलिस बल प्रयोग हेतु हल्के वाहन (जीप कार) को सीधे पुलिस लाइन में आज रिपोर्ट करना है। भारी एवं मध्यम वाहन अर्थात बसों एवं ट्रको की आवश्यकता पूरी हो गयी है। इनको ईधन/फ्यूल दिया जा चुका है। समस्त भारी वाहनों को (मतदान कर्मियों के प्रयोग के लिए) लगभग 7280 लीटर किलो ईंधन की पर्ची जिलापूर्ति अधिकारी द्वारा जारी की जा चुकी है। विधानसभा जेवर के लिए 129 बसें, विधानसभा दादरी के लिए 201 बसें तथा विधानसभा नोएडा के लिए 230 बसें लगाई जा चुकी है।

आज शाम तक वाहन उपलब्ध न कराये जान पर जिलाधिकारी की अनुमति प्राप्त कर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-167 के अधीन मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा।

# धर्म-जाति से उठकर राष्ट्रहित में करें मतदान : डा. महेश शर्मा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी व वर्तमान सांसद एवं पूर्व मंत्री डा. महेश शर्मा ने नोएडा के गांव सदरपुर, चौडा सादतपुर एवं जेवर विधानसभा के राधिका गार्डन, जहांगीरपुर जेवर, एवं थोरा में घर घर संपर्क कर अपने प्रिय निवासियों के साथ जनसंपर्क किया और वहां पर उपस्थित भारी संख्या में लोगों को रिकार्ड मतदान करने की अपील की।



भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा ने दादरी में जनसंपर्क को सम्बोधित करते हुए कहा कि एक मास्टर के बेटे को नरेंद्र मोदी की कैबिनेट में चार-चार मंत्रालयों का जिम्मा मिला ये आपके विश्वास के बदौलत ही हुआ है। मैं, आपसे यह अपील करने आया हूँ कि आपके इस कर्ज की पाई पाई वापस करके दम लूंगा।

उ0प्र0 में 42 लाख प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब परिवारों को आवास मिले हैं। जिसमें 19 लाख मकान मेरे मुस्लिम भाईयों के परिवारों को मिलें है। धर्म बिरादरी से ऊपर उठकर आप सभी भाजपा को भारी मतों से विजयी बनायें और राष्ट्र को और भी सशक्त करें।

इस मौके पर जुगराज सिंह चौहान, महेश चौहान, ब्रहम सिंह नागर, गौरव नागर, अंकित शर्मा पचायतन, सागर कुरैषी, पंकज कौषिक, सोनू वर्मा, सुल्तान नागर, समीर पंडित, अंकित नागर, राजेन्द्र बाबू जी, धनिराम मास्टर, तेजपाल भराना, सुन्दर भराना, जगत सिंह मैनेजर, बलराज नागर, संचित शर्मा कुक्की नागर, हरेन्द्र शर्मा समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# 'पहले मतदान,फिर जलपान' की ली शपथ

**नोएडा ( चेतना मंच )।** स्वीप टीम नोएडा द्वारा स्टेलर पार्क नोएडा सेक्टर- 45 में YSS फाउंडेशन की सहयोग से मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



स्वीप कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह एवं सहायक प्रभारी अधिकारी/जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता इंदु गुर्जर की कंपोजिट विद्यालय, छजारसी की नुक्कड नाटक टीम ने नुक्कड़ नाटक से पार्क में लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया व मतदाता रैली निकाली। कार्यक्रम में यश फाउंडेशन टीम के साथ स्वीप टीम के मेंबर्स व पार्क में आए सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

गोपाल गुप्ता द्वारा बताया गया कि लोकतंत्र में भागीदारी के लिए 26 अप्रैल को वोट अवश्य डालें और अपने परिवारजन, पड़ोसियों, दोस्तों व सहकर्मियों को भी मतदान केंद्र जाकर वोट डालने के लिए प्रेरित करें। पार्क में 60+ आयु के कुछ वरिष्ठ नागरिकों के समूह से वार्तालाप करके उन्हें मतदान के लिए जागरूक किया गया।

स्वीप टीम से अर्चना शिरोमणि, इंदु गुर्जर, रति गुप्ता, महेश सिंह, धीरज कुमारी, बबीता यादव व ममता शर्मा व वाई एस एस फाउंडेशन से सचिन गुप्ता, गोपाल गुप्ता, हर्षित ठाकुर, पूजा वर्मा, संदीप यादव, विक्रम सेठी, अनिल कुमार व तेजस गुप्ता उपस्थित रहे।

# फर्जी मतदाताओं के जरिए चुनाव जीतना चाहती है भाजपा : सुनील चौधरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग करके ऐन-केन प्रकारेण चुनाव जीतना चाहती है। इसी कड़ी में मतदाता सूची में फर्जी मतदाताओं का मामला सामने आया है। यह आरोप लगाये समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रत्याशी सुनील चौधरी ने। वे सेक्टर-29 स्थित नोएडा मीडिया क्लब के पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत चुनाव आयोग के अलावा जिला निर्वाचन अधिकारी से भी कई है।



श्री चौधरी ने आरोप लगाया कि दादरी विधानसभा में भाग संख्या 18 और 18अ अन्य भारी संख्या में एक से अधिक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल है। एक ही नाम से कई वोटर कार्ड संख्या शामिल है तथा इनमें पता भी एक है। जिसके कारण एक से अधिक वोट बन गई है। उन्होंने कहा कि उनको सूचना प्राप्त हुई है कि बीएलओ ने सही तरीके से अपने बूथ की जांच नहीं की है। फर्जी वोट डलवाने की बड़ी साजिश रची जा रही है। इसलिए गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र में सभी बीएलओ एवं पीठासीन अधिकारी को यह निर्देश दिया जाए कि ऐसा वोट जो हर बूथ पर पाए जा रहें। वह सिर्फ एक ही बार डाली जाए। जिससे लोकतंत्र के इस पर्व को पारदर्शी तरीके से मनाया जा सके। महानगर अध्यक्ष डा. आश्रय गुप्ता ने आरोप लगाया कि दादरी के भाग संख्या-18 में 1789 वोटों में से 104 लोगों की डबल या तीन बार वोट बनी है। अगर एक बूथ कि ऐसी स्थित है तो पूरे गौतमबुद्धनगर जिले में क्या स्थिति होगी।

प्रेसवार्ता में पूर्व प्रत्याशी सुनील चौधरी, आम आदमी पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज अवाना, सपा के पूर्व अध्यक्ष रेश पाल अवाना, उपाध्यक्ष मनोज गोयल, वरिष्ठ नेता ओमपाल राणा, योगेश भाटी, कवित गुर्जर, आदि मौजूद थे।

# हेल्थ सेक्टर में निवेश से खुलेंगे राष्ट्र प्रगति के रास्ते : डॉ. गुप्ता

**नोएडा ( चेतना मंच )।** हेल्थ सेक्टर में निवेश तथा भारत को हेल्थ सेक्टर में आत्मनिर्भर बनाने से देश की तरक्की के रास्ते खुल जाएंगे। हेल्थ सेक्टर में निवेश से भारत के लोगों को बेहतर व सस्ता इलाज मिल सकेगा। मुंबई के ताज सांताक्रूज होटल में वेल्थ कॉन्क्लेव में फेलिक्स अस्पताल के चेयरमैन डॉ. डी.के. गुप्ता ने यह बात कही।



उन्होंने बताया कि हेल्थ सेक्टर में निवेश से ही देश की तरक्की के रास्ते खुलेंगे। आज हमारे देश में हेल्थ सेक्टर में काफी सुधार की जरूरत है। देश में कई मशीनें बनाई जा सकती है। जिससे लोगों को इलाज करना आसान होगा। आज कई बड़ी मशीनें विदेश से आती हैं। जिससे उनके आयात पर भारी भरकम इंपोर्ट ड्यूटी लगती है। अगर देश में हेल्थ सेक्टर में निवेश कर मशीनें और जरूरी मेडिकल उपकरण बनाए जाएं तो लोगों को बेहतर इलाज के साथ सस्ता इलाज मिल सकेगा।

**▪ जीडीपी का 5 प्रतिशत हेल्थ सेक्टर में हो निवेश**

**▪ प्राइवेट अस्पतालों को सब्सिडी दे सरकार**

डॉ. डी.के. गुप्ता ने बताया कि आज देश की कुल जीडीपी का पांच प्रतिशत से भी कम हेल्थ सेक्टर पर खर्चा होता है। जिसे बढ़ाने की जरूरत है। जरूरी है कि देश की कुल जीडीपी का पांच प्रतिशत हेल्थ सेक्टर पर खर्च किया जाए।

भारत की 70 प्रतिशत जनसंख्या गांव में रहती है। वहां पर हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं है। 75 प्रतिशत इन्फ्रास्ट्रक्चर बड़े शहर यानी की टियर-1 शहरों में है। कहीं न कही प्राइमरी, सेकेंडरी और टर्शियरी हेल्थ केयर को भारत के रूरल एरिया में भी पहुंचाने की जरूरत है। प्राइवेट सेक्टर के अस्पतालों को सब्सिडियरी देनी होगी। जिससे अस्पताल वहां जाकर अपने नए अस्पताल बनाए और लोगों को सस्ते दाम पर इलाज मुहैया कराए। प्राइवेट सेक्टर के अस्पतालों को सब्सिडियरी देने से न सिर्फ गांव के लोगों के रोजगार मिल सकेगा, बल्कि उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए बड़े शहर नहीं आना होगा।

एडी नायक वेल्थ के चीफ ग्रोथ ऑफिसर निखिल नायक का कहना है कि जिस तरह से व्यक्ति स्विमिंग के समय छोटे पूल में जंप करता है वैसे ही निवेश के समय आप छोटे से अमाउंट में बिजनेस चालू करना चाहिए। जैसे ही बिजनेस सक्सेस हो जाए निवेश को और बढ़ाना चाहिए। कान्क्लेव में मिराए एसेट इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स के सीईओ स्वरूप मोहंती का कहना है कि पहले निवेश करना चाहिए उसके बाद आगे का खर्च करना चाहिए। लोगों को शॉर्ट टर्म के लिए नहीं हमेशा लांग टर्म के लिए निवेश करना चाहिए।

